श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 271, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 27 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज

**क्रिया योगः** साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।


क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# खड़गे के हाथ कांग्रेस की कमान

**नई दिल्लीः** मल्लिकार्जुन खड़गे आधिकारिक तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष बन गए हैं। एआईसीसी मुख्यालय दिल्ली में चुनाव अधिकारी मधुसूदन मिस्त्री ने उन्हें जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। अध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले भाषण में खड़गे ने पार्टी में 50 फीसदी पद 50 साल से कम उम्र के लोगों को देने का ऐलान किया। खड़गे ने कहा- उदयपुर अधिवेशन में इसको लेकर प्रस्ताव पास किया गया था। अब उस पर अमल किया जाएगा। खड़गे ने पार्टी में आधे पदों पर युवाओं को लाने की बात कही है, लेकिन मौजूदा हालात को देखें, तो कांग्रेस अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और महासचिवों में से केवल प्रियंका गांधी की उम्र ही 50 साल है। बाकी सारे नेता इससे ज्यादा उम्र के हैं।



**कांग्रेस मुक्त भारत का सपना पूरा नहीं होगाः** भाजपा के कांग्रेस मुक्त भारत के नारे पर तंज कसते हुए खड़गे ने कहा- अपने मुताबिक नया भारत बनाने के नाम पर वे कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का नारा देते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि जब तक कांग्रेस मौजूद है, तब तक वे ऐसा नहीं कर सकते। हम ऐसा नहीं होने देंगे और इसके लिए लगातार लड़ाई जारी रखेंगे। लोकतंत्र को बदलने की कोशिश की जा रही। खड़गे ने कहा- आज मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है। आज एक सामान्य कार्यकर्ता को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुनकर ये सम्मान देने के लिए मैं आप सबको हार्दिक धन्यवाद देता हूं। कांग्रेस झूठ और नफरत का दायरा तोड़ेगी। लोगों से अपील है कि वे पार्टी के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने के लिए साथ आएं।

**सोनिया बोलीं- पद छोड़कर राहत मिलीः** इस मौके पर कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी ने कहा कि खड़गे को अध्यक्ष पद की कमान सौंपकर वे राहत महसूस कर रही हैं। उनके सिर से बड़ा बोझ उतर गया है। उन्होंने कहा- मैं नए पार्टी अध्यक्ष खड़गे जी को बधाई देती हूं। वे एक अनुभवी और जमीनी नेता हैं। वे अपनी मेहनत और समर्पण से इस ऊंचाई तक पहुंचे हैं। सोनिया ने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद भी दिया।

**गांधी परिवार की तीन पीढ़ियों को नमन कियाः** कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालने के लिए एआईसीसी मुख्यालय पहुंचने से पहले खड़गे ने राजघाट में गांधीजी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वे जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की समाधि पर गए। इस तरह खड़गे ने पद संभालने से पहले गांधीजी के साथ कांग्रेस की तीन पीढ़ियों को नमन किया। एआईसीसी पहुंचने पर सोनिया और राहुल ने मंच पर खड़गे को गुलदस्ता सौंपकर उनका स्वागत किया। खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री और दलित नेता बाबू जगजीवन राम की समाधि पर भी फूल चढ़ाए।

**पार्टी संभालने और चुनाव जीतने की चुनौती**

**खड़गे** की जीत जितनी बड़ी है, उतनी ही बड़ी चुनौतियां भी उनके सामने हैं। वे जिस समय पार्टी आलाकमान की जिम्मेदारी लेने आगे आए हैं, तब केवल दो राज्यों राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ही कांग्रेस की सरकार बची है। वहीं, झारखंड और तमिलनाडु में पार्टी गठबंधन सरकार में शामिल है, लेकिन मुख्यमंत्री दूसरे दलों के हैं। खड़गे जब अध्यक्ष बने हैं तो इसी साल हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव हैं। वहीं, अगले साल यानी 2023 में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और महाराष्ट्र समेत 10 राज्यों में चुनाव होने हैं। ऐसे में खड़गे के सामने पार्टी को एकजुट करने और चुनाव मैदान में बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती होगी।

# गुजरात चुनाव से पहले केजरीवाल का हिंदुत्व कार्ड

## कहा-करेंसी पर लक्ष्मी-गणेश की फोटो से सुधरेगी इकोनॉमी

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार से अपील की है कि भारतीय करेंसी के पीछे की तरफ श्रीलक्ष्मी-गणेश की तस्वीर छापी जाए। उन्होंने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दिवाली पर लक्ष्मी पूजन करते हुए उनके मन में ऐसे भाव आए थे, जिन्हें वे सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। केजरीवाल के इस बयान से माना जा रहा है कि गुजरात चुनाव से पहले वे हिंदुत्व की राह पकड़ना चाहते हैं।

**गुजरात की 85% आबादी हिंदू, मुस्लिम 10% से कम**

गुजरात में 2011 की जनगणना के मुताबिक 85% से ज्यादा हिंदू आबादी है। वहीं, मुस्लिमों की संख्या कुल आबादी का 10% से कम है। ऐसे में हिंदुत्व कार्ड खेलकर केजरीवाल आने वाले विधानसभा चुनाव में बड़े वर्ग को रिझाने की रणनीति अपना सकते हैं।



**देवी-देवताओं का आशीर्वाद रहा तो नतीजे मिलेंगेः** उन्होंने कहा कि हम देख रहे हैं कि देश की अर्थव्यवस्था कमजोर है। हम आज भी विकासशील ही हैं, गरीब ही हैं। हम सब चाहते हैं कि भारत अमीर देश बने। हम सब चाहते हैं कि सब भारतवासी अमीर परिवार बनें। हमें बहुत सारे प्रयास करने की जरूरत है। हमें स्कूल, अस्पताल, बड़ी संख्या में इंफ्रास्ट्रचर तैयार करना होगा। हम कोशिशें भी करते हैं, लेकिन हम देखते हैं कि नतीजे नहीं आ रहे हैं। इसके लिए हम कई तरीके की कोशिशें कर रहे हैं, लेकिन अगर देवी-देवताओं का आशीर्वाद हो तो नतीजे आते हैं।

**विघ्नहर्ता का आशीर्वाद होगा तो अर्थव्यवस्था सुधर जाएगीः** केजरीवाल ने आगे कहा कि हम सब ने दिवाली पर प्रार्थना की। सब ने लक्ष्मी मां और गणेश जी की पूजा की होगी। इसलिए मेरी केंद्र सरकार से अपील है कि भारतीय करेंसी के ऊपर लक्ष्मी गणेश की तस्वीर छापें। करेंसी पर गांधी जी की तस्वीर वैसी ही रहनी चाहिए, लेकिन दूसरी तरफ लक्ष्मी जी और गणेश जी की तस्वीर होनी चाहिए, ताकि अर्थव्यवस्था को इनका आशीर्वाद मिले। गणेश जी को विघ्नहर्ता माना जाता है। उनका आशीर्वाद रहा तो अर्थव्यवस्था सुधर जाएगी।

पुरानी करेंसी तो जैसी है, वैसी रहे लेकिन नए छपने वाले नोटों पर लक्ष्मी-गणेश की फोटो छापी जानी चाहिए।

# भूमि विवादों का शीघ्र समाधान होः सीएम योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन के दौरान अधिकारियों को दो टूक शब्दों में हिदायत देते हुए कहा कि जमीनी विवादों का संतुष्टिपरक त्वरित समाधान करें। किसी भी गरीब या सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं दिखना चाहिए। यदि कोई गरीब सरकारी जमीन पर रह रहा है तो उसे शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें। उसके व्यवस्थित पुनर्वास की व्यवस्था जरूरी है। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने जनता दर्शन में कुर्सियों पर



बैठाए गए फरियादियों तक पहुंचे मुख्यमंत्री काफी गंभीर दिखे। इस दौरान कई महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में फरियाद लेकर पहुंची थीं। इनमें दबंग द्वारा उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास को शिकायतें भी थीं। सीएम ने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर वालों को भू-माफिया के रूप में चिह्नित करें। गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। आपकी कार्रवाई नजीर बननी चाहिए। पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट होना चाहिए। उन्होंने गरीबों को परेशान न करने की हिदायत देते हुए कहा कि यदि कोई गरीब सरकारी जमीन पर रह रहा है तो उसके समुचित पुनर्वास के बाद कब्जा खाली कराया जाए। लोगों को सरकारी जमीन पर कब्जा न करने को जागरूक भी करें।

# सूरजकुंड में गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर की अध्यक्षता करेंगे शाह

## 27 व 28 अक्टूबर को हरियाणा के सूरजकूंड में होगा चिंतन शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 27 और 28 अक्टूबर को हरियाणा के सूरजकुंड में राज्यों के 'गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर' की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 अक्टूबर, 2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिंतन शिविर को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दो दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए सभी राज्यों के गृह मंत्रियों और संघशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और प्रशासकों को आमंत्रित किया गया है। राज्यों के




गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय सशस्त्र पुलिसबलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के महानिदेशक भी चिंतन शिविर में भाग लेंगे। दो दिन के चिंतन शिविर का उद्देश्य "विजन 2047" और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस भाषण में घोषित ह्यपंच प्रणह्ण के कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना तैयार करना है। गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर में साइबर अपराध प्रबंधन के लिए ईको-सिस्टम विकसित करने, पुलिस बलों के आधुनिकीकरण, आपराधिक न्याय प्रणाली में आई.टी. के बढ़ते उपयोग और तटीय सुरक्षा एवं अन्य आंतरिक सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चिंतन किया जायेगा। वर्ष 2047 तक विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नारी शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है और चिंतन शिविर में देश में महिलाओं की सुरक्षा और उनके लिए सुरक्षित वातावरण बनाने पर विशेष बल दिया जाएगा।

# हनीट्रैप में फंसाए गए कंचुगल मठ के पुजारी

**रामनगरः** कर्नाटक में सोमवार को आत्महत्या करने वाले 45 साल के कंचुगल मठ के स्वामी बसवलिंगेश्वर को हनीट्रैप के जरिए ब्लैकमेल किया जा रहा था। यह बात उनके 3 पेज के सुसाइड नोट में भी लिखी है कि वे महिला को 6 महीने से जानते थे। पुजारी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वालों में मठ के ही 2 लोग शामिल हैं। इन लोगों ने बसवलिंगेश्वर के अनजान महिला के साथ 4 अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिए थे। इन्हें ही वायरल कर-के वे मठ के पुजारी को ब्लैकमेल कर रहे थे। पुलिस फिलहाल उस महिला और अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है।

# 37 देशों के सामने एस. जयशंकर की तारीफ

**नई दिल्लीः** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की काबलियत के कायल संयुक्त अरब अमीरात के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस राज्य मंत्री उमर सुल्तान अल ओलमा हैं। नई दिल्ली में हो रहे वर्चुअल सम्मेलन में उन्होंने कहा- जहां दुनियाभर के देशों में रस्साकशी का माहौल है, वहीं, भारत की विदेश नीति एकदम साफ और प्रभावित करने वाली है। उमर सुलतान यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा- मैं एस जयशंकर के कुछ भाषण देखता हूं। उनकी साफगोई और दूरदर्शिता हमारी सोच से मिलती है। संयुक्त अरब अमीरात और भारत दोनों के लिए एक बात बहुत स्पष्ट है कि हमें पक्ष चुनने की आवश्यकता नहीं है। अगर यूएई भारत के साथ काम करता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह अमेरिका के साथ काम नहीं कर सकता। हम तीनों एक साथ काम कर सकते हैं। अपने संबोधन में व्यापार और निवेश के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अब व्यापार के जरिए ही दुनिया पर हावी होने का समय है। भारत और वअए जैसे देश साथ मिलकर काम कर सकते हैं। भारत और वअए के बीच गहरी जड़ें हैं। साथ ही दोनों देशों के बीच सहयोग के लिए कई संभावित क्षेत्र हैं।

# बड़ी साजिश रच रहा था कार ब्लास्ट में मरा आतंकी

**कोयंबटूरः** 23 अक्टूबर को तमिलनाडु के कोयंबटूर में कार ब्लास्ट में मारा गया उक्कड़म का जेमिशा मुबीन दक्षिण भारत में 5 जगह ब्लास्ट करने वाला था। वह रविवार सुबह कार में लगे सिलेंडर में विस्फोट होने से मारा गया था। पुलिस को तलाशी के दौरान उसके घर से 75 किलोग्राम विस्फोटक मिला है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़े गए मुबीन के 5 साथियों को भी यूएपीए के तहत 15 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पकड़े गए लोगों के नाम मोहम्मद थलका, मोहम्मद असरुद्दीन, मोहम्मद रियाज, फिरोज इस्माइल और मोहम्मद नवाज हैं।



उधर ब्लास्ट के दूसरे दिन तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने भी मामले की जांच एनआईए से करवाने की सिफारिश की। हालांकि, इससे पहले ही एनआईए टीम कोयंबटूर पहुंच चुकी थी।

**कोयंबटूर में 5 जगह ब्लास्ट करने वाले थे संदिग्धः** सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक आईएस से जुड़े के तीन संदिग्धों रियाज, फिरोज और नवाज को मुबीन की कार में 2 सिलेंडर और 3 ड्रम रखते हुए देखा गया था। इन्होंने शनिवार रात करीब 11.30 बजे कार में विस्फोटक रखे थे। चौथे संदिग्ध मोहम्मद थलका ने मुबीन और उसके एक रिश्तेदार को कार दी थी।

ये सभी कोयंबटूर के उक्कड़म के पास जीएम नगर के रहने वाले थे। तलाशी के दौरान मुबीन के घर से 75 किलो पोटेशियम नाइट्रेट, चारकोल और एल्युमीनियम पाउडर भी बरामद हुआ था। इसके अलावा एक कागज का टुकड़ा मिला था।

# गुरुग्राम की यूनिवर्सिटी में विदेशी छात्रों पर अटैक

**गुरूग्रामः** 'अफ्रीकन स्टूडेंट मैदान से जा रहे हैं। भारतीय छात्र मारपीट कर रहे हैं। जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्र हमला कर रहे हैं। नस्लीय कमेंट कर रहे हैं। इस देश की एक नेशनल यूनिवर्सिटी में हमारे साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है।' गुरुग्राम की जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले नाइजीरियन स्टूडेंट ने ये बातें बोलते हुए एक वीडियो शेयर किया। वीडियो फुटबॉल ग्राउंड का है। इसके एक तरफ भारतीय छात्र खड़े दिख रहे हैं, दूसरी तरफ अफ्रीकी छात्र (ज्यादातर नाइजीरियन)। यूनिवर्सिटी के गार्ड बीच-बचाव कर लड़ाई रोकने की कोशिश कर रहे हैं। ये वाकया यूनिवर्सिटी कैंपस में 14 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे का है। दिवाली से 10 दिन पहले यूनिवर्सिटी में भारतीय और नाइजीरियन छात्रों के गुट भिड़ गए थे। लाठी-डंडे चले। एक छात्र का सिर फट गया और कुछ घायल हो गए। यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट ने दोनों गुटों को दूर कर हॉस्टल भेज दिया। पूरे मामले में दो तारीखें और हैं। घटनाएं अलग हैं, लेकिन एक-दूसरे से जुड़ी हुई। पहली तारीख 30 अगस्त है, जब दोनों गुट पहली बार आमने-सामने आ गए थे।

# मानगढ़ धाम से 3 राज्यों की 99 सीटें साधेंगे मोदी

**1 लाख आदिवासियों की जनसभा होगी, राजस्थान, एमपी और गुजरात के सीएम आएंगे**

**जयपुरः** पीएम नरेंद्र मोदी 1 नवम्बर को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के आदिवासियों के प्रमुख तीर्थ स्थल मानगढ़ धाम में बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। 3 राज्यों-राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश से करीब 1 लाख आदिवासी समाज के लोग इस सभा में पहुंचेंगे। मोदी तीनों राज्यों की 99 आदिवासी सीटों को जनसभा और सम्मेलन से साधेंगे। राजस्थान विधानसभा में 25,




गुजरात विधानसभा में 27, मध्य प्रदेश विधानसभा में 47 सीट एसटी के लिए रिजर्व हैं। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और एक एनजीओ मिलकर कार्यक्रम करवाएंगे। इसमें तीनों राज्यों के सीएम और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष को आमंत्रित किया है। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश सीएम शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में आमंत्रित हैं। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी, राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी और राजस्थान से केंद्रीय संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी कार्यक्रम में रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मानगढ़ धाम के स्मारक को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने की घोषणा कर सकते हैं। इस जगह और आदिवासियों के विकास के लिए कई घोषणाएं की जा सकती हैं। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया और पार्टी संगठन के कई सीनियर नेता दो दिन बाद तैयारियों का जायजा लेने मानगढ़ जा सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राजस्थान और गुजरात के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मानगढ़ धाम को लेकर बैठक भी की है।

# चीनी जासूस की गिरफ्तारी, अलर्ट पर जांच एजेंसियां

**धर्मशालाः** हिमाचल के धर्मशाला में तिब्बतियों के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा की जासूसी का मामला सामने आने के बाद उनकी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के आरोप में दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल द्वारा गिरफ्तार चीनी महिला काई रूओ और हिमाचल के मंडी के जोगिंदर नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार चौंतड़ा के चोंगसर तिब्बती बौद्ध मोनेस्ट्री से चीनी महिला गुआन रुईली को दलाई लामा की जानकारियां जुटाने के आरोपों की सुरक्षा एजेंसियों लगातार पूछताछ कर रही है।



जिसके चलते दलाई लामा की सुरक्षा को बढ़ाया गया है।

**दलाई लामा रहते हैं थ्री-लेअर सिक्योरिटी में:** दलाई लामा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय विदेश मंत्रालय व गृह मंत्रालय द्वारा मोनिटर की जाती है। वर्तमान में दलाई लामा की सुरक्षा तीन स्तरीय है, जिसमें हिमाचल पुलिस की द्वितीय सशस्त्र वाहिनी के डीएसपी के अधीनस्थ 108 पुलिस कर्मचारी 24 घंटे दलाई लामा की सुरक्षा में तैनात हैं। इसके अतिरिक्त केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सुरक्षा विभाग का सुरक्षा घेरा रहता है व केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी तैनात हैं। हर प्रवेश द्वार पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (स्कैनर) लगे हुए हैं, जहां से हर आगुन्तक की गहनता से जांच करने के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जाती है। इस पूरे परिसर में किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, मोबाइल फोन, बैग व अन्य सामग्री ले जाने पर प्रतिबंध है।

## खबर संक्षेप

### वांछित गिरफ्तार भेजे गए जेल

**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस ने दो वर्ष से फरार चल रहे एक गोवध के वांछित तथा एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम चौहान का पूरा निवासी छेदी नाई उर्फ कलीम पुत्र मिठ्ठू उर्फ बाबू को दो वर्ष के बाद गिरफ्तार करने में सफल रहे है। छेदी नाई 22मई 2020को गांव के एक व्यक्ति की गाय चोरी करके वध कर के फरार चल रहा था। उसके साथी उसी दिन गिरफ्तार हो गए थे। छेदी नाई फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ग्राम तेजपुर निवासी दिलशाद पुत्र निजाम उद्दीन के खिलाफ न्यायालय से जारी वारंट पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### दबंगों ने खेत का मेड काटकर किया कब्जा

**मऊआइमा।** मेड तोड़ कर दबंगों ने दूसरे के खेत को कब्जा कर लिया बोलने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकशाह बेग उर्फ रामपुर डांडी निवासी संदीप कुमार पांडेय पुत्र शिवकुमार का आरोप है कि गांव के दबंगों ने उनके खेत काट कर अपने खेत में मिला लिए। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। संदीप कुमार ने मऊआइमा थाने में सत्य प्रकाश ,ब्रह्मक प्रकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### प्रा. स्कूल खुले, पर बच्चे नदारद

**सहसों।** दीपावली त्यौहार के दूसरे दिन मंगलवार को क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक तो समय से उपस्थित हुए परंतु बच्चों की उपस्थिति शून्य या फिर बहुत कम रही।संविलियन विद्यालय बाबूगंज में एक भी बच्चा विद्यालय परिसर में दिखाई नहीं दिया और न ही मध्यान भोजन ही बनाया जा रहा था। इस संबंध में इंचार्ज प्रधानाध्यापक अजीज फातमा ने बताया कि शिक्षक विद्यालय में समय से उपस्थित हुए परंतु बच्चों की उपस्थिति मात्र 15 रही। त्यौहार होने के कारण बच्चों की संख्या प्रभावित हुई है। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय रुदापुर में प्रधानाध्यापिका आकस्मिक अवकाश पर रही। 128 नामांकित बच्चों के सापेक्ष महज 28 बच्चे उपस्थित रहे ।सहायक अध्यापिका अंतिमा सिंह व शिक्षामित्र कमला देवी उपस्थित रहीं। प्राथमिक विद्यालय बिगहिया में प्रधानाध्यापिका शिखा पांडे ने बताया कि पंजीकृत 81 बच्चों में मात्र 12 बच्चे उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापिका ने बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर विद्यालय भेजने के आग्रह पर अभिभावकों ने कहा आज गोवर्धन पूजा है बच्चों को नहीं भेजेगे। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय थानापुर में बच्चों की उपस्थिति शून्य रही। प्रधानाध्यापिका आकस्मिक अवकाश पर रही। सहायक अध्यापिका अनीता सिंह ने बताया कि सभी शिक्षक समय पर उपस्थित हुए परंतु एक भी बच्चा उपस्थित नहीं हुआ।

# फूलों से लेकर पटाखों तक खरीदारों की रही भारी भीड़

## दीपावली पर्व पर महंगाई पर आस्था पड़ी भारी, बाजार में खरीददारों की रही भारी भीड़





अखंड भारत संदेश

**सहसों।** वार्षिक त्योहारों में सबसे बड़ा त्योहार प्रकाश उत्सव यानी दीपावली के दिन सहसों बाजार सहित आसपास के सभी बाजारों में सभी प्रकार की सजी दुकानों पर लोगों ने देर रात तक खरीदारी करते रहे। सबसे अधिक फूलों की दुकानों पर भीड़ दिखाई दी। इसके बाद पटाखा, गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, दीपक दियाली, मिठाई की दुकान तथा विभिन्न प्रकार के सजावट के सामान, लाई गट्टे सहित खाने पीने की सामानों को खरीदने के लिए काफी संख्या में खरीदारों की भारी भीड़ बाजार में दिखाई दी। महंगाई को दरकिनार करते हुए बावजूद लोगों ने त्यौहार को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। महंगाई एक तरफ परन्तु भक्ति की धार्मिक आस्था भारी दिखती नजर आई। बच्चों के खिलौने से लेकर रंगोली की सजावट के लिए विभिन्न प्रकार के रंग,माला , आर्टिफिशियल माला, दीप, विद्युत रंगीन बल्ब, विद्युत झालर आदि सामग्री खरीद कर अपने घरों की सजावट की गई। राम जानकी मंदिर एवं हनुमान मंदिर के अतिरिक्त क्षेत्र छोटे मंदिर के अलावा घरों के भीतर पूजा स्थलों पर आकर्षक विद्युत सजावट के अतिरिक्त साफ-सफाई कर सायंकाल शुभ मुहूर्त में विधि विधान से पूजा अर्चना की।

### दीपोत्सव का कार्यक्रम किया गया आयोजित



**नैनी।** अभिमन्यु शाखा पार्क में उत्तर प्रदेश बॉल बैडमिंटन संघ, प्रयागराज हैंडबॉल संघ के तत्वाधान में लक्ष्मी पूजन एवं ग्राउंड पूजन 5100 दीपों के साथ भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हैंडबॉल संघ से जुड़े समस्त खिलाड़ियों के द्वारा इस दीपोत्सव को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञातव्य हो प्रयागराज हैंडबॉल संघ निरंतर कई वर्षों से हैंडबॉल खेल के उत्थान में कार्यरत रहा है । बीते वर्षों में यहां से अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ीयो ने जिले व प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। उक्त दीपोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयाग विभाग के प्रचारक माननीय पीयूष जी उपस्थित रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व उपमहापौर श्री मुरारी लाल अग्रवाल जी गरिमामई की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त गणमान्य अतिथियों तथा आम जनों का स्वागत उत्तर प्रदेश बॉल बैडमिंटन संघ एवं जिला हैंडबॉल संघ के सचिव श्री कौशल दिक्षित द्वारा किया गया। इस अवसर परसर्व श्री गुरु प्रकाश राव जी, रोहित यादव, पवन कुमार यादव, शिवशंकर दीक्षित, योगराज मिश्रा बद्रीनाथ दीक्षित श्रीमती मंजू रंजना रानी मिश्रा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सृष्टि अग्रवाल सचिन शुक्ला राष्ट्रीय कोच गोविंद निषाद राष्ट्रीय खिलाड़ी जगदीश जितेंद्र शर्मा उमेश उपाध्याय मोहम्मद नूर आलम गणेश पाठक राजा सिंह वैभव दिक्षित नेहा पांडे मोनी साहू संकेत मिश्रा शीतल राव चंदा पांडे आस्था सिंह अंकित दीक्षित आर्यन शर्मा उपस्थित रहे ।

### हनुमान जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा



**नैनी।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर बम बम भोले समिति के तत्वावधान में हनुमान जी की भव्य यात्रा चकभटाई वार्ड के रामनगर चौराहे से धर्मशाला चौराहा तक यात्रा निकाली गईं आसपास के लोग शामिल हुए। जिसमें प्रशासन की ओर से एसआई परमानंद सिंह एसआई मनोज सिंह एसआई जन्मेजय कांस्टेबल चेतन कुमार उपस्थित थे और कार्यक्रम संयोजक त्रिलोकी ,मयंक यादव जी,पंकज तिवारी मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गणेश केसरवानी गिरजेश मिश्र राजन शुक्ल बबलू केसरवानी , यमुनापार जिला अपराध निरोधक समिति यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा ऋषिकेश प्रजापति,अमित गौर,राहुल प्रजापति, राजेन्द्र यादव सुजीत गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

### पटाखा मंडी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपीओ टीम रही मुश्तैद



**नैनी।** पटाखे की मंडी में एसपीओ पुलिस मित्र की टीम उद्योग नगर मैदान में 44 पटाखे की दुकाने लगी हुई है। जिसमें कि एसपीओ टीम सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद दिखी। किया पुलिस प्रशासन का सहयोग पुलिस अधीक्षक जमुना पार सौरभ दिक्षित एवं क्षेत्राधिकारी करछना श्री अजीत सिंह चौहान के निदेशानुसार नैनी कोतवाली प्रभारी श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा एवं एसएसआई अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस अधिकारी के प्रभारी श्री अभय राज सिंह जी के अगुवाई में उप प्रभारी परवेज अहमद के नेतृत्व में जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली एवं पटाखा मंडी में तैनात रहे। एसपीओ टीम के उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली थाना कमेटी कैफी सुल्तान मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल मीडिया सेल संदीप विश्वकर्मा संगठन सचिव रविंद्र सिंह सीनियर एरिया इंचार्ज रामजी जायसवाल एरिया इंचार्ज सुशील शर्मा, संजीव वर्मा,रमेश केसरवानी ,और सभी एसपीओ टीम के एरिया इंचार्ज अपनी अपनी टीम को लेकर मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात रहे। इकराम उल्ला अश्वनी शर्मा चंद्र प्रताप राजू साहनी राजीव वर्मा मोहम्मद फिरोज आदि एसपीओ टीम के जवान अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे।

### रंगोली में भरे दिवाली के रंग,चौकी में बच्चों ने बनाई रंगोली






**जारी।** दीपावली पर्व की संध्या पर पुलिस चौकी जारी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में बालिकाओं द्वारा मनोहारी रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बालिकाओं ने उत्साह के साथ रंगोली को सजा कर अलंकृत किया जारी चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि प्रतियोगिताओ के आयोजन से बालिकाओं के प्रतिभा में निखार आता है। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की प्रथम श्रेणी में छाया शुक्ला, मनु ,श्री, और द्वितीय श्रेणी में शिवानी ,शिवांगी तृतीय श्रेणी में यसी, रोशनी को उपहार देकर उनका समस्त चौकी के स्टाफ सहित जारी कस्बे के लोगों ने उनका उत्साहवर्धन किया।

### ग्रामवासियों के सहयोग से 25 वें श्री राम चरित मानस सम्मेलन का श्रीगणेश



**बारा।** कलियुग के देवता हनुमान जी महाराज बुद्धि और ज्ञान के सागर हैं,इन्होंने प्रभु श्री राम की सारी समस्याओं का हरण किया था। निश्चित ही ऐसा भक्त जो प्रभु की भक्ति के अलावा कुछ और न करें कुछ और न सोचे ऐसा सिर्फ हनुमान जी महाराज ही कर सकते थे। उक्त बातें त्रिदिवसीय श्री रामचरित सम्मेलन के प्रथम दिन लोहगरा गांव में पंडित श्री अखिलेश मणि शांडिल्य जी ने अपने प्रवचन के दौरान कही। कथा में मौजूद साक्षी जी महाराज, पं दिनेश शास्त्री जी, संतोष कुमार दुबे जी, आलोक ओझा जी, अशोकानंद जी महाराज ने प्रभु की कथाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन निर्भय शंकर दुबे ने किया। पंडित अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से हो रहे कार्यक्रम में आज बुधवार को सैकड़ों श्रोता प्रवचन सुनकर भाव विभोर हो गए। जिसमें प्रमुख रुप से ग्राम प्रधान मुन्नी लाल पाल, पूर्व प्रधान वीरेंद्र दुबे, आशुतोष त्रिपाठी, गिरजा शंकर त्रिपाठी, गुलाब चंद यादव, विजय दुबे, डॉ संतलाल गुप्ता आदि रहे। क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर अपने तन और मन को ज्ञानगंगा की सुरसरि में गोते लगाकर उसे आत्मसात करने की अपील की गई है।

## न्यूज झरोखा...



### बहन भाई के पीसीएस में चयन होने पर मिली बधाई

**कोरांव।** मेजा विधानसभा के ग्राम पंचायत तेंदुआ में यूपीपीसीएस चयन होने पर सगे भाई बहन विवेक कुमार पटेल संध्या पटेल जिनकी रैक यूपी में आठवीं व 12वीं है सम्राट अशोक महान सेवा संघ की ओर से संघ प्रवक्ता सूर्यमणि कुशवाहा पूर्व ग्राम प्रधान धरावल व साथ में समाजसेवी विजय कुशवाहा और सम्राट प्रदीप कुमार कुशवाहा साथ में रहे बधाई दीया गया और उन लोगों से बात करके बहुत अच्छा लगा और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं विवेक कुमार और संध्या से बात करने पर अपने अनुभव का शेयर किया ।लोगों ने बताया कि हम लोग अपने लक्ष्य के प्रति पूरी लगन निष्ठा से काम किया और शुरू से हम लोगों का लक्ष्य रहा कि सिविल सिविल सेवा में जाना है जिसमें संध्या पटेल जी ने बताया की पहली अटेम्प्ट में यूपीपीसीएस में हमारा सिलेक्शन हुआ मैं बीए फर्स्ट ईयर से लगातार प्रयास कर रही थी कड़ी मेहनत और माता पिता जी के सहयोग से यह सफलता मिला है यह श्रेय हमारी माता पिता जी को जाता है।

### आजाद अभिनय नाट्य कला समिति चनेथू, भगवानपुर द्वारा भक्त प्रहलाद का मंचन



**जंघई।** आजाद अभिनय नाट्य कला समिति चनेथू भगवानपुर की तीन दिवसीय नाट्य मंचन में प्रथम दिवस भक्त प्रहलाद पर नाटक का मंचन किया गया नाटक मंचन का उद्घाटन प्रधान पति मुन्ना पांडेय द्वारा किया गया। नाटक में हिरण्यकश्यप भगवान भोलेनाथ की तपस्या करके वरदान प्राप्त कर लेता है तब प्रहलाद को पढ़ाई के लिये गुरुकुल भेज देता है वहां से पढ़ाई करके वापिस आने पर हिरण्यकश्यप देखता है कि वह भगवान हरि का भक्त हो जाता हैं तरह तरह से उसको मारने की कोशिश करता है कहता है तुम्हारा पिता ही भगवान है तुम हरि विष्णु की पूजा मत करो मेरी करो अंत मे प्रहलाद ना मानने पर उसको मारने का आदेश देता है उसको पहले पहाड़ से गिराता है उसको फिर जीवित देख कर फाँसी लगवाता है फिर भी कुछ न होने पर अपनी बहन होलिका को बुलवाकर उसकी गोद मे बैठाके जलवाने की कोशिश करता है उस आग में होलिका स्वयं जल जाती है प्रहलाद जीवित रहता है। अंत मे हिरण्यकश्यप पूछता है कि कहा है तुम्हारे श्री हरि प्रहलाद कहता है श्री हरि कण कण में वास करते है महल में लगे खम्बे देख कर कहता है क्या इसमे भी तुम्हारे भगवान है प्रहलाद के हां कहने पर हिरण्यकश्यप खम्बा गिरा देता है तब श्री हरि विष्णु नरसिंह का रूप में हिरण्यकश्यप को अपनी जांघो पर लिटा कर अपने नाखून से उसका सीना चिर देते है अंत मे प्रहलाद भगवान की विनती करके पिता की मुक्ति के प्रार्थना करता है। श्री हरि विष्णु उसको अपना आशीर्वाद देते है नाटक देखने के लिए बहुत अधिक संख्या में दर्शक मौजूद रहे। बब्बू यादव, विकास यादव, डॉ सुरेश यादव, बृजलाल यादव, शिवशंकर सरोज एवं पात्रों में विनोद यादव, गोपाल राज, दिव्यम, उत्तम, विकास, अंकित, बच्ची, गोली, सचिन सवेरा, गोलू, राहुल, सुनील, अजय शंकर, विजयशंकर, काशी, शिवराम, अखिलेश यादव, इंद्रजीत, चुन्नू सवेरा आदि लोग मौजूद रहे।

# कलाकारों ने किया रामजन्म का किया मंचन

अखंड भारत संदेश



**करछना।** नवयुवक रामलीला कमेटी भडेव्रा के कलाकारों की ओर से मंगलवार की रात्रि में राम जन्म नामक रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला के पंडाल में दर्शकों की भीड़ देर रात्रि तक जमा रही। अयोध्या के नरेश महाराज दशरथ अपने चौथे पन को देखकर संतान हीनता के प्रति बहुत चिंतित हुए। उन्होंने गुरु वशिष्ट के घर जाकर अपनी चिंता का कारण बताया। गुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ को पुत्र रत्न प्राप्ति हेतु पुत्रेष्टि महायज्ञ कराए जाने की सलाह दी। महाराज दशरथ ने गुरु की आज्ञा मानकर श्रृंगी ऋषि सहित अन्य मुनियों को बुलाकर पुत्रेष्टि यज्ञ विधि विधान से कराया। यज्ञ के पश्चात महाराज दशरथ को चार पुत्रों की प्राप्ति हुई। जिससे अयोध्या में खुशी का माहौल छा गया। गुरु वशिष्ट बुलाए गए । और चारों पुत्रों का नामकरण किया गया । उन्होंने महारानी कौशल्या से उत्पन्न भगवान राम रानी कैकेई से जन में भरत और सुमित्रा रानी से जन्मे दो पुत्रों में लक्ष्मण व शत्रुघ्न नामक नामकरण किया । चारों पुत्रों के जन्म की प्राप्ति की सूचना महाराज दशरथ को दी गई। महाराज दशरथ पुत्र रत्न की प्राप्ति की सूचना पाकर बहुत ही प्रफुल्लित हुए। जन्मोत्सव पर खूब बधाइयां बाजी। फूलों की वर्षा की गई । नर्तकी की ओर से बधाई गीत सहित सोहर गीतों की प्रस्तुतियां भी हुई। राजा दशरथ ने खजाना खोल कर बधाई गीत गाने वाले व सोहर गीतों की प्रस्तुतियां करने वाली नर्तकी में खूब धन सहित उपहार भी बांटे। इसके पश्चात चारों भाई गुरुकुल में गुरु वशिष्ट के यहां शिक्षा प्राप्त करने गए । और अल्प समय में सारी विद्या में निपुण हो गए। दशरथ का अभिनय कर रहे शिक्षा मित्र व कमेटी के निदेशक देव प्रभाकर ओझा ने अपने अभिनय से दर्शकों श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिए । वही पुरस्कारों की लोगों की ओर से झड़ी भी लग गई । रामलीला मंचन के संयोजक विजय कुमार ओझा व व्यवस्थापक सोनू ओझा की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर व्यास रविंद्र नाथ मिश्र कमेटी के उपाध्यक्ष प्रभा कांत ओझा उप निदेशक सुनील कुमार शुक्ला कोषाध्यक्ष राम बल्लभ ओझा धर्मेंद्र कुमार शर्मा देव कांत ओझा शरद कुमार ओझा श्याम प्रभाकर ओझा पंकज कुमार ओझा वेद प्रकाश ओझा मोनू ओझा शुभम मिश्रा गौरव राहुल विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### पचदेवरा का दस दिवसीय रामलीला का मंचन नारद मोह नामक मंचन से शुरू हुआ

**करछना।** सनातन धर्म रामलीला कमेटी पचदेवरा के कलाकारों की ओर से मंगलवार की रात्रि से रामलीला के मंचन का शुभारंभ नारद मोह नामक रामलीला के मंचन से हुआ । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में अमर ज्योति नर्सिंग होम व ट्रामा सेंटर पचदेवरा के निदेशक डॉ आर पी पांडेय मौजूद रहे । उन्होंने फीता काटकर मंचन का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि रामलीला के मंचन से आपसी भाईचारा सहित प्रेम सौहार्द बना रहता है। लोगों के राम के आदर्शों का अनुसरण करके सीख लेनी चाहिए। उन्होंने आयोजकों व संयोजको के ऐसे पुनीत कार्यों के प्रति बधाई देते हुए प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारियों में मथुरा प्रसाद शुक्ला बाबा शुक्ल राजेश शुक्ल मुन्ना वीरेंद्र शुक्ल आशु पांडेय अशोक कुमार पटेल सकला यादव राजू विश्वकर्मा सहित संबंधित ग्राम प्रधान गुलाम रसूल भी मौजूद रहे।

# कताई मिल श्रमिकों द्वारा चलाए जा रहे सत्याग्रह आंदोलन में योगेश शुक्ला ने जूस पिलाकर उपवास समाप्त करने का किया अनुरोध

अखंड भारत संदेश




**मेजा रोड।** मेजा कताई मिल के श्रमिकों द्वारा चलाए जा रहे सत्याग्रह आंदोलन के क्रम में तीन दिवसीय उपवास पर बैठे श्रमिकों का उपवास समाप्त कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता योगेश शुक्ला धरना स्थल पर बुधवार को 12 बजे पहुंचे और जूस पिलाकर श्रमिकों से उपवास समाप्त करने तथा धरना पर बैठे मेजा कताई मिल मजदूरों सेअनुरोध किया कि वे उपवास समाप्त करने के लिए कहा। उन्होंने श्रमिकों को आश्वस्त किया कि वह भारतीय जनता पार्टी की तरफ से श्रमिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि 15 दिन का समय दिया जाए। निश्चित रूप से आप लोगों की बात सरकार के जिम्मेदार लोगों से कराएंगे और पूरा प्रयास होगा कि आप लोगों की सभी समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान हो । श्री शुक्ल ने कहा कि हमें संघर्ष नही बल्कि संवाद की जरूरत है। संवाद के रास्ते हम समाधान तक पहुंचेंगे। यह भी कहा कि आंदोलन की अगली कड़ी में आगे आप लोगों द्वारा जो निर्णय लिया जाएगा उसमें आप लोगों के साथ हमारी भी सहभागिता बनी रहेगी और पार्टी के एक कार्यकर्ता के नाते मैं आपकी हर बात को सरकार के उचित स्थान तक पहुंचाता रहूंगा । उपस्थित श्रमिको द्वारा ताली बजाकर उनकी बातों का समर्थन किया गया` यूनियन के मंत्री राम प्रताप पांडेय ने शुक्ला जी के द्वारा समाप्त कराए गए उपवास कार्यक्रम एवं संवेदनशीलता की तारीफ करते हुए उनके ऊपर भरोसा जताया उनसे मजदूरों की मदद करने की अपील भी की।। श्री शुक्ल के साथ भाजपा के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विनय शुक्ला पूर्व जिला उपाध्यक्ष जय शंकर पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र मिश्र इस प्रयास में साथ रहे । उपवास पर बैठे श्रमिक शिवचंद यादव रघुनंदन गुप्ता कड़े नाथ पांडे सुरेंद्र प्रताप गौतम तथा यूनियन के अध्यक्ष कृपाशंकर शुक्ला एवम पन्नालाल अशोक कुमार मिश्र राम बहादुर यादव सूर्यमणि यादव आदि श्रमिक मौजूदरहे।

### दलित को मारा पीट कर दी जाति सूचक गालियां मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मनरेगा मजदूर गांव में अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाब के निर्माण में काम कर रहा था। कि दबंगों ने काम न करने की बात कह कर मारे पीटे सीओ सोरांव के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई सिपाह निवासी बाबूराम पुत्र स्वर्गीय हीरालाल का आरोप है कि गांव में अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाब का निर्माण हो रहा है । मनरेगा मजदूर के रुप में वह भी काम करता है। आरोप है कि उसे पहले काम पर जाने से रोका गया जब वह नहीं माना तो उसको ईट पत्थरों से मारा पीटा गया और जाति सूचक गालियां दी गई। कहीं सुनवाई न होने पर बाबूराम ने सीओ सोरांव के यहां न्याय की गुहार लगाई सी ओ सोरांव के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने तहरीर के आधार पर कलीम ,हकीम उद्दीन ,नसीम उद्दीन ,शमीम उद्दीन तथा एक अज्ञात के खिलाफ मार पीट, एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भईया दूज पर सुजावन देव यमुना घाट पर स्नानार्थियों ने लगाई मोक्ष की डुबकी



**घूरपुर।** क्षेत्र के ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल सुजावन देव घाट पर बुधवार को भैया दूज के दिन यमुना स्नान करने वालों का रेला पहुंचा ।इस बीच श्रद्धालुओ ने डुबकी लगाकर पुण्य लाभ लिया ।और खेतीबाड़ी-गृहस्थी की वस्तुएं जमकर खरीददारी की। क्षेत्र के भीटा,देवरिया गांव के मध्य स्थित यमुना की धारा में मौजूद छोटी पहाड़ी पर अपनी ऐतिहासिक ध्वज पताका लहराते हुए विराजित सुजावन देव मंदिर स्थल पर लगने वाले भैया दूज के मेले में बुधवार की भोर से दूरस्थ व स्थानीय स्नानार्थियों की भारी भीड़ यमुना में डुबकी लगाने के लिए पहुंची । भोर से देर शाम तक यमुना में स्नान करने वालो की भीड़ लगी रही । यमुना में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने सुजावन देव की विधि विधान से पूजा अर्चना की ।

सुजावन देव घाट पर भैया दूज के दिन लगने वाले मेले व स्नान करने के बारे में किवदंती है कि कार्तिक मास के दूज के दिन यानी कि भैया दूज के दिन यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने के लिए यमुना तट पर आये थे ।काफी अर्से के बाद पहुंचे भाई यमराज की बहन यमुना ने जमकर आतिथ्य सत्कार किया बहन के आतिथ्य से खुश हो यमराज ने बहन यमुना को वर मांगने के लिए कहा ।यमुना ने भाई यमराज से कहा कि भैया यदि आप हम पर खुश हैं तो मुझे वरदान दीजिये कि आज के दिन यानी कि भैया दूज के दिन जो भक्त यमुना स्नान करके अपनी बहन के घर जाएगा वह आपके बंधनो से मुक्त होगा अर्थात वह मोक्ष को प्राप्त होगा ।बहन यमुना की इस लोक कल्याणकारी बात सुन भाई यमराज ने तथास्थु कहते हुए अंतर्धान हो गए ।तभी से लोग भैया दूज के दिन यमुना स्नान कर भाई अपनी बहन के यहां पहुंच बहनों के हाथों अपने माथे पर टीका लगवा कर बहन को सुरक्षा का वचन देते हैं तो बहन भी अपनी भाई की दीघार्यु होने की कामना करती है। इसी तर्ज पर सुजावन देव के घाट पर सदियों से भैया दूज के दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का रेला पहुंचता है । जनपद सहित अन्य जिलों के श्रद्धालु दीपावली के दिन चित्रकूट में दीपदान करने के बाद सुजावन देव यमुना तट पर भईया दूज के दिन तक रुक यमुना स्नान कर सुजावन देव का दर्शन पूजन कर अपने घर को जाते हैं । महिला श्रद्धालु यमुना की मंगलगीत के साथ पूजा अर्चना कर आरती की।

**सुजावन देव मंदिर में भक्तों की लगी रही कतारें :** यमुना की धारा में पहाड़ी के उपर स्थित सुजावन देव मंदिर को भव्यतापूर्ण तरीके से सजाया गया था। मंदिर स्थित शिव भगवान की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की कतारें लगी रही। यमुना स्नान के बाद श्रद्धालु मंदिर जाकर पूजा अर्चना किया। मंदिर के मुख्य पुजारी ज्ञानेंद्र भारथी पूरी व्यवस्था में लगे रहे।

**खेतीबाड़ी- गृहस्थी की सामानो की जमकर हुई खरीददारी :** यमुना स्नानार्थियों ने खेतीबाड़ी गृहस्थी की आवश्यक उपयोग की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। वापस होने वालो के हाथ मे कुछ ना कुछ सामान जरूर था किसी का हाथ खाली नही था। किसी के हाथो मे तो किसी के सिर पर सामान रखे हुये वापस होते रहे आखिर क्यों ना हो इस दिन को लेकर क्षेत्रीय जन एक वर्ष से इंतजार करते है ।भईया दूज के दिन की यही खासियत भी है की घरेलू से लेकर खेतीबाड़ी से जुड़े छोटी बड़ी वस्तुयें की भारी दूकानें कई जनपदों की लगती है घरेलू में कड़ाही ,चिमटा ,कलछुल ,तावा,खलबट्टा ,सूपा , सिल ,चकरी ,मूसर ,ओखली ,चलनी चाकू आदि व खेतीबारी में कुल्हाडि ,फावडा ,कुदाल,हल ,हंसिया खूरपा डलिया ,टोपा , आदि जो सहजता व सस्ते मूल्यों में उपलब्ध रहती है सुबह से रात तक खरीदारों की भीड़ जुटी रही ।स्थानीय लोगो के दूर दराज के रिश्तेदार भी सुजावन देव यमुना तट में जानें के लिये घरो में पहुंच खरीददारी करते है ।हालांकि इस बार पूर्व जैसी भारी संख्या में दुकाने नही थी। लेकिन खेतीबाड़ी और गृहस्थी से जुड़ी सैकड़ो दुकाने सजी हुई थी।

**रंग बिरंगी लाठिया और राम पूरिया चाकू की रही लूट :** मेले मे विभिन्न जनपदों के मशहूर रंग बिरंगी विभिन्न प्रकार की लाठियों और राम पूरिया चाकू की भी खूब बिक्री रही लाठी के शौकीनों ने मेले मे मनचाही लाठियो की खूब खरीददारी की तो वही युवकों ने मनपसंद राम पूरिया चाकू खरीदी।

**घाट पर दलदल स्नानर्थियो को परेशानी :** प्रशासन मेले के तीन दिन पूर्व भले ही व्यवस्था को लेकर पड़ताल की थी वावजूद घाट पर स्नानर्थियो के लिए समुचित व्यवस्था नहीं की गई थी। पूरे यमुना घाट पर दलदल के चलते स्नानर्थियो को परेशानी झेलनी पड़ी। इसी तरह हजारों महिला स्नानर्थियो के वस्त्र बदलने के लिए मात्र तीन स्थानों पर ही बनाया गया था। जिससे अधिकतर महिलाओं को वस्त्र बदलने के लिए शर्मसार होना पड़ा।

**भीषण जाम के चलते हजारों मेलार्थी नहीं पहुंच सके मेला :** घूरपुर तिराहे से लेकर मेला जानें के एक किलोमीटर रास्ते तक दोपहर से सांयकाल भीषण जाम के चलते हजारों मेलार्थी मेला नही पहुंच सके। हालत ये था कि पैदल मेलार्थियों को निकलना मुश्किल था। जाम में फसे बाइक सवार डेढ़ घंटे में महज दस फिट दूरी तक पहुंच सके। स्थानीय प्रशासन से चूक ये हुआ कि सुबह से दोपहर तक चार पहिया वाहनों को मेले प्रवेश वर्जित नहीं किया और दूसरी चूक ये रहा कि कतारबद्ध यातायात की व्यवस्था नहीं की गई आखिर करते भी कैसे जाम के बीच सिर्फ एक होमगार्ड दिखा शेष पुलिस कर्मी जाम से काफी दूर खड़े दिखे। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मेले के इतिहास में पहली बार इतनी जाम दिखी। पैदल मेलार्थी जाम से बचने के लिए जान जोखिम में डाल बीच रेलवे ट्रैक से गुजरते किसी तरह आगे बढ़े ट्रेन देखते भगदड़ मच जाती थी।

**झूले,सर्कस, आदि को चलाने को देर तक नहीं दी गई थी इजाजत, आक्रोश :** मेले के मुख्य आकर्षक झूले, सर्कस, डांस थियेटर, जादूगरी को स्थानीय प्रशासन ने चलाने की इजाजत ही नही दी। बातचीत का सिलसिला होते होते तीन बजे जाकर स्थानीय प्रशासन ने इजाजत दी तब जाकर शुरू हो सका जिससे अधिकतर मेलार्थी मेले का आनंद नही ले सके। व्यापारियों में इसे लेकर आक्रोश दिखा।

**जेबकतरो का रहा चांदी :** इस बार मेले में जेबकतरों की चांदी रही स्नान घाट पर जहां आधा दर्जन महिलाओ का बैग गायब हो गया वहीं मेले के से बीच दर्जन भर लोगों का पर्स उड़ा दिया गया।

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार युवक ने पोस्टमैन का मोबाइल छीनकर भाग निकले


**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में पोस्टमैन का मोबाइल छीनकर अपाचे सवार चार युवक भाग गए। पोस्टमैन ने मेजा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दे की कोरांव निवासी माया शंकर शुक्ला मेजा रोड पोस्ट ऑफिस में पोस्टमैन के पद पर कार्यरत हैं।वह दीपावली के दिन सोमवार को ड्यूटी खत्म कर कोरांव जा रहे थे। कि जैसे ही मेजा थाना क्षेत्र के तेंदुआ कला गांव में सिरखड़ी गांव के बीच रेलवे पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि मेजा रोड की तरफ से जा रहे अपाचे सवार चार युवक आए और बगल में बाइक सटाकर उनके शर्ट की जेब में रखा स्मार्टफोन छीनकर उन्हें धक्का देकर भाग निकले। माया शंकर शुक्ल ने बताया कि अपाचे सवार पीछे बैठा युवक उनका मोबाइल छीनकर उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और मुस्कुराते हुए आज की तरफ भाग गए। पीड़ित पोस्टमैंने मेजा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है । देखा जाए तो अक्सर मोबाइल चुनौती की अपाचे बाइक सवार उचक्के ही घटना को अंजाम दे रहे हैं।

**स्वास्थ्य विभाग ने पूरी की जांच**

# मरीज को चढ़ाई गई थी खराब प्लेटलेट्स, बार कोड भी फर्जी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** झलवा स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में भर्ती मरीज को प्लेटलेट्स की जगह मुसम्बी का जूस चढ़ाने के आरोप पर स्वास्थ्य विभाग की चल रही जांच पूरी हो गई। जांच में मुसम्बी का जूस चढ़ाने की बात गलत पाई गई है। हालांकि प्लेटलेट्स जरूर खराब पाई गई। प्लेटलेट्स के बैग पर लगा एसआरएन अस्पताल का बार कोड भी फर्जी पाया गया। अब अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने की तैयारी की जा रही है। बमरौली निवासी प्रदीप पांडेय को डेंगू होने पर परिजनों ने झलवा स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर भर्ती कराया था। जहां 16 अक्तूबर को मरीज को तीन यूनिट प्लेटलेट्स चढ़ाई गई। प्लेटलेट्स चढ़ाते समय ही प्रदीप की हालत बिगड़ गई। इसके बाद अस्पताल ने दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया।




### मुसम्बी का जूस चढ़ाने का लगा था आरोप

19 अक्तूबर को प्रदीप की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके बाद परिजनों ने प्रदीप को प्लेटलेट्स के नाम पर मुसम्बी का जूस अस्पताल द्वारा चढ़ाने का आरोप लगाया। इसके बाद अस्पताल को सील कर दिया गया और पूरे मामले की जांच शुरू हो गई। सीएमओ डॉ. नानक सरन के मुताबिक, जांच रिपोर्ट में साफ हो गया है कि मरीज को मुसम्बी का जूस नहीं चढ़ाया गया, वह प्लेटलेट्स ही थी। लेकिन खराब प्लेटलेट्स थी। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की तैयारी शुरु कर दी गई है। संबंधित अस्पताल का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा और अन्य कार्रवाई भी की जाएगी।

## शक में पत्नी की हत्या कर फंदे पर लटकाया

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के छिबैया में पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है साथ ही पुलिस को एक युवक की तलाश है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिस दे रही है। पुलिस के मुताबिक पति को शक था कि उसकी पत्नी का किसी और के साथ संबंध हैं।

उमेदपुर छिबैया गांव निवासी आशीष तिवारी की पत्नी रंजना तिवारी 34 शनिवार की सुबह आँगन में लगी राड में फंदे पर झूलती पाई गई। मायके वाले चित्रकूट से आये तब शव को पीएम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम में पता चला की महिला की दम घुटने से मौत हुई है। उसके शरीर पर चोट के की भी निशान थे। महिला के भाई पुष्पेंद्र पांडये अपने बहनोई आशीष व उसके भाई शिवाकांत तिवारी पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। बुधवार को झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आशीष को शक था कि उसकी पत्नी का गांव के ही एक युवक से अवैध संबंध है। इस लिए उसने बीते शुक्रवार की रात अपने एक साथ के साथ मिल कर पत्नी की हत्या का शव फंदे पर टांग दिया। पुलिस ने पति आशीष तिवारी व उसके भाई शिवाकांत को गिरफ्तार कर जेल भेजे दिया।

# तीन दोस्तों को पीटकर किया अधमरा एक की मौत, देर रात हुई घटना

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कैंट में महिला ग्राम इंटर कॉलेज के पास अंकित यादव(17) की ईंट-पत्थर से कूंचकर हत्या कर दी गई। वह मंगलवार रात दो दोस्तों के साथ बाइक से शहर आ रहा था तभी वारदात की गई। हमले में दोस्त भी जख्मी हुए हैं जिन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अंकित पुत्र अयोध्या यादव शिवपुर हौली, टीपी नगर धूमनगंज का रहने वाला था। मंगलवार रात दोस्त रामबाग कीडगंज निवासी गोविंदलाल व अमन कुमार निवासी मुंडेरा मंडी उसके घर गए थे। रात करीब 11 बजे तीनों बाइक पर सवार होकर सिविल लाइंस स्थित होटल में जाने लगे। तीनों सुलेमसराय स्थित दुकान पर रुककर सिगरेट पीने लगे। इसी दौरान स्कूटी सवार तीन युवक आए। आरोप है कि नशे में धुत युवक गालीगलौज कर रहे थे। विरोध पर वह अंकित व उसके दोस्तों से विवाद करने लगे। उस समय वहां मौजूद लोगों ने बीचबचाव किया तो स्कूटी सवार चले गए। कुछ देर बाद जैसे ही अंकित व उसके साथी आगे बढ़े, महिलाग्राम इंटर कॉलेज के पास पहले से मौजूद स्कूटी सवार युवकों ने उन्हें रोक लिया। वह कुछ समझ पाते, इससे पहले ही उनके 15-20 अन्य साथी आ गए और फिर सभी ने हमला बोल दिया।भागने की कोशिश में अंकित व अमन वहीं गिर गए जबकि गोविंद को हमलावरों ने खदेड़कर पकड़ लिया। इसके बाद तीनों को घेरकर लाठी-डंडों के साथ ही ईंट-पत्थर से वार करना शुरू कर दिया। तीनों के खून से लथपथ हो जाने पर हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर धूमनगंज पुलिस पहुंची और घटनास्थल कैंट क्षेत्र में होने की जानकारी मिलते ही कैंट थाने की पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस तीनों को एसआरएन अस्पताल ले गई जहां अंकित को मृत घोषित कर दिया गया। उधर उसके दोनों दोस्तों को भर्ती कर लिया गया।


### स्थानीय थे हमलावर, 10 नामजद

पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो पता चला कि हमलावर स्थानीय थे। स्कूटीसवार जिन युवकों से मृतक व उसके साथियों का विवाद हुआ, उनमें नन्ना, मोहित और राहुल शामिल थे। आरोप है कि सिगरेट की दुकान पर विवाद के बाद उन्होंने ही अपने दोस्तों दीपू, पीकू, सतीश, ऋषभ, विशाल, विवेक, उमेश व अन्य अज्ञात संग मिलकर वारदात की। सभी आरोपी महिला ग्राम कॉलेज के आसपास के रहने वाले हैं। सीओ सिविल लाइंस एनएन सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### जीटी रोड पर घटना, कहां थी पुलिस

युवक की सरेआम हत्या की वारदात कैंट व धूमनगंज पुलिस की सक्रियता पर भी सवाल खड़े करती है। घटना जीटी रोड पर रात 11 बजे के करीब हुई। सवाल यह है कि त्योहार पर हाईअलर्ट के माहौल में भी आखिर कैसे पुलिस को भनक नहीं लगी। कैसे लाठी डंडों से लैस दो दर्जन हमलावर रोड पर जमा हो गए और युवक को मौत के घाट उतार दिया।

## एक ही रात में चोरो ने पाच मकानों का तोड़ा ताला, हड़कम्प



**झूंसी।** थाना क्षेत्र में चोरी रुकने का नाम नही ले रही है। मंगलवार की रात चोरों ने पाच घर को निशाना बनाया। जिसमे एक वित्तीय सलाहकार व अधिवक्ता का मकान है। चोर नकदी, जेवर सहित लाखो रुपए का माल ले उड़े। यह वारदात झूंसी थाना क्षेत्र के नई झूंसी पीडीए कालोनी की है। चोरी की इस वारदात से लोगो में भय व पुलिस के प्रति आक्रोश है। मंगलवार की रात चोरो ने झूंसी चौकी क्षेत्र की पीडीए कालोनी निवासी वित्तीय सलाहकार वीके सेठ, अधिवक्ता, अंजेश तिवारी, दिनेश तिवारी, वीरेंद्र गुप्ता, प्रकाश मिश्रा के घर को निशाना बनाया। वारदात के वक्त वीके सेठ के मकान में कोई नही था। उनकी तबियत खराब है वह लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती है। उनके मकान को चोरो ने इत्मीनान से खंडाला है। पांच अलमारी, तीन लाकर को तोड़कर अंदर रखा सारा सामान समेटकर चोर फरार हो गए। चर्चा है कि वीके सेठ के यह बड़ी चोरी हुई है। चोरी की सूचना पर शाम को अपने घर पहुंचे पीके सेठ अभी कुछ नही बता पा रहे की कितने की चोरी हुई है। वही अधिवक्ता अंजेश तिवारी का भी मकान खाली था वह परिवार के साथ अपने गांव फूलपुर गए थे। चोरी की सूचना पर झूंसी पहुंचे अंजेश तिवारी ने बताया कि उनके मकान से चोर 15 हजार की नगदी, दो तोला सोना, 15 टोला नगदी उठा ले गए। बाकि दिनेश तिवारी, वीरेंद्र गुप्ता, प्रकाश मिश्रा के घर में चार घुसे ताला तोड़ते ही परिजन जग गए तो चोर भाग गए। पास में लगे सीसी टीवी कैमरे में दो चोर नजर आये है। 5 घरों में चोरी की सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है क्राइम ब्रांच ने भी मौके पर पहुंचे जांच की।

# क्रियायोग आश्रम में गुरु के सानिध्य में मनाया गया दीपावली महोत्सव

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** क्रियायोग आश्रम में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी महाराज के सानिध्य में देश व विदेश से आए साधकों ने दीपावली महोत्सव पर्व पर आश्रम प्रांगण स्थित श्री श्री महावतार बाबा जी वट वृक्ष के आध्यात्मिक आभामंडल में दीप जलाकर दीपावली पर्व मनाया गया ।इस दौरान साधकों ने शारीरिक मानसिक व आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया । क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने साधकों को बताया कि दीपावली पर भगवान श्री राम कि रावण पर विजय के बाद अयोध्या आगमन पर मनाए जाने वाले उत्सव का प्रतीक है । क्रियायोग ध्यान के द्वारा अंतः करण में सुषुप्त ज्ञान दीपों के प्रचलित होने पर स्पष्ट हो जाता है कि दीपावली पर आत्मज्ञान की तरफ यात्रा करने पर प्रकट होने वाली विभिन्न अवस्थाओं का प्रतीक है । कली काल में मानव मस्तिष्क के ज्ञान का लोप होने पर लोग जप, तप, ब्रत,पूजा,साधना तथा समस्त त्योहारों को वास्तविक आध्यात्मिक स्वरूप को विस्मृत कर गए ,और केवल उनके प्रतीकात्मक स्वरूप जिसे कर्मकांड कहा गया है । आदि शंकराचार्य ने स्पष्ट लिखा है कि कर्मकांडों से ज्ञान का विनाश नहीं होता है , क्योंकि कर्मकांड और ज्ञान दोनों समानार्थी है । ज्ञान प्राप्ति के लिए अनुभूतिजन्य ज्ञान की आवश्यकता है। क्रियायोग ध्यान के द्वारा अनुभूतिजन्य ज्ञान की आवश्यकता है। क्रियायोग ध्यान के द्वारा अनुभूतिजन्य ज्ञान की प्राप्ति होती है, जिससे समस्त त्योहारों के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान होता है।



दीपावली पर्व को समझाते स्वामी श्री योगी सत्यम व उपस्थित साधक

## क्रियायोग दीपावली सेलिब्रेशन



दीपावली महोत्सव पर दीप प्रज्वलित करते स्वामी श्री योगी सत्यम




क्रियायोग विधि से दीपावली पर्व को समझाते क्रियायोग गुरु




दीपावली महोत्सव को क्रियायोग विधि से समझते साधक



दीपोत्सव पर्व पर गुरुजनों को याद करते साधक



महावतार बाबाजी वटवृक्ष के आध्यात्मिक आभामंडल में प्रज्वलित दीप




महावतार बाबा जी वटवृक्ष के सानिध्य में बैठे समस्त साधक

# माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की बनी रहे असीम कृपा



अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** सोमवार को सराय बाहर में ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों को ग्राम प्रधान मनोरमा देवी कुशवाहा व प्रधान पति राम गणेश मौर्य ने ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों व समितियों के लोगों को दीपावली के पावन पर्व पर एक अहम बैठक बुलाई। तथा बैठक में उपस्थित सभी सम्मानितगणों को उपहार भी भेंट किए। इतना ही नहीं भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस आने पर की गई खुशी के उपलक्ष में पूरे ग्राम सभा के सम्मानित ग्राम वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं भी दी। तथा ग्राम पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह ने गांव की तरक्की व अमन चैन के लिए भगवान से प्रार्थना भी की। तथा प्रधान पति राम गणेश मौर्य ने बताया कि दीपावली भारत देश का सबसे बड़ा त्यौहार है। यह त्यौहार प्रत्येक वर्ष बड़ी धूमधाम से भारत में मनाया जाता है। दीपावली का अर्थ होता है ह्वदीपह्व और ह्वआवलीह्व अर्थात दीपों की श्रृंखला। दीपावली भारत देश के सभी नागरिकों का खुशियों का त्यौहार है। दीपावली के शुभ अवसर पर प्रत्येक घर में भगवान गणेश और लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। भारत देश के निवासी दिवाली के त्यौहार को किसी अन्य देश में रहने पर भी बड़े धूमधाम से मनाते है। दिवाली को भारत में 2 दिन मनाया जाता है। इस मौके पर समाज समाज सेवी समशेर पटेल, अजय कुमार एडवोकेट, बिहारी लाल सरोज,मुनेश कुमार, राजीव कुमार,पंचायत सहायक वंदना विश्वकर्मा, सफाई कर्मी, छेदी लाल, पुन्नी लाल सरोज, मुकेश संग दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### गौसेवा से खुलता है मुक्ति का द्वार : गौशाला में संरक्षित गोवंश को दीपावली के उपलक्ष में खिलाया गया गुड



**सोरांव।** असवा उर्फ हाजीगंज में स्थित कान्हा गौशाला में दीपावली के शुभ दिन पर ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद साकिब, पशुधन प्रसार अधिकारी अयोध्या प्रसाद,व ग्राम प्रधान प्रेम सत्यार्थी ने बाजार से लगभग 1 कुंटल गुड मंगवाकर गौशाला में संरक्षित सभी गोवंश को हरे चारे और भूसे के साथ में गुड़ का भी भोजन करवाया। जिसकी चर्चा क्षेत्र में बनी हुई है। इतना ही नहीं पशुधन प्रसार अधिकारी अयोध्या ने बताया कि पशुओं को गुड़ खिलाने से इनका स्वास्थ्य अच्छा रहता है और होने वाली बीमारियों से निजात भी मिलता है। इसलिए सभी लोगों को चाहिए कि घर में स्थित गोवंश, भैंस व अन्य पशुओं को हफ्ते में एक दिन गुड़ का सेवन जरूर करवाएं। इससे पशु स्वस्थ रहते हैं और किसी भी प्रकार की कोई बीमारी भी नहीं होती है। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद साकिब ने बताया कि गौवांशो की सेवा करने से मुक्ति का द्वार खुलता है। इसलिए सभी लोगों को चाहिए कि गायों की सेवा जरूर करें। और इनके मलमूत्र से औषधि भी काफी मात्रा में बनाई जाती है। और इनसे निकलने वाला दूध बहुत ही कारगर होता है। वही इस मौके पर सफाई कर्मी प्रेम सिंह पटेल संग सभी गौपालक मौजूद रहे।

# गोवर्धन पूजा में भगवान को लगे 56 भोग

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** क्षेत्र के मंदिर, मठ व घरों में लोगों ने विधि विधान से गोवर्धन पूजा की भगवान श्री कृष्ण की लोगो ने पूजा अर्चना कर आरती उतारी 56 लगाये गए। झूंसी गंगा तट पर स्थित टीकर माफी आश्रम में स्वामी हरि चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने आश्रम में उपस्थित सन्तो के साथ गोवर्धन पूजा की और बताया कि ब्रज से शुरू हुई गोवर्धन पूजा पूरे आज देश में उत्सव की तरह मनाई जाती है। गोवर्धन के दिन भक्त भगवान श्री कृष्ण की पूजा करते हैं और उनसे ये प्रार्थना करते हैं कि वे उन्हें संकटों से उबारे। इस दिन भगवान कृष्ण को अन्नकूट का भोग भी लगाया जाता है। इस दिन भगवान कृष्ण को 56 भोग क्यों लगाए जाते हैं।



## कोरांव में युवा उत्तम द्विवेदी हत्या कांड पर ब्राह्मण समाज की बैठक

### शोक सभा के बाद नारे बाजी के साथ पुलिस अफसरों के घेराव का निर्णय

**कोराव।** नगर पंचायत कोरांव के संस्कृत पाठशाला में उत्तम हत्या कांड को ले कर ब्राह्मण समाज और भाजपा के लोगों ने आक्रोश जताया और दुख तथा सोक सभा की। और पुलिस की कार्यवाही पर असंतुष्ट हो कर नाराजगी व्यक्त की साथ ही नारेबाजी भी की। सभा में पुलिस पर अभियुक्तों के बचाने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा ब्राह्मण समाज का अपमान और खून को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। और नारेबाजी के साथ लोग अपने अपने घरों के लिए त्योहार होने के कारण रवाना हो लिए। उक्त आयोजन में पुलिस बल और पीएसी तथा पूरे सर्किल की फोर्स तैनात रही। ब्राह्मण समाज की एकता के लिए वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और मृतक परिजनों की होशला आफजाई भी की। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद मिश्र उर्फ प्यासी ने की।

### अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई , युवक की मौत

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल मोड़ तिराहे के पास मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक सवार डिवाइडर में लगी रेलिंग से टकरा गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। वहीं मृतक के घर युवक के मौत की खबर मिलते ही वहां कोहराम मच गया। नैनी चकदाउद नगर निवासी ओम प्रकाश के छह बेटो में सबसे छोटा गोलू 24 जलकल विभाग में आउट सोर्सिंग कर्मचारी था। मंगलवार दोपहर परीवा के दिन वह अपनी बाइक लेकर शहर की ओर जा रहा था, जैसे ही वह अरैल मोड़ चौराहे के समीप पहुंचा वैसे ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बाइक की स्पीड इतनी तेज थी कि गोलू डिवाइडर में लगे लोहे के ग्रिल से टकराते हुए सड़क पर गिर गया। जिसमे उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटे आई, जबतक पुलिस मौके पर पहुंकर उसे अस्पताल भेजती उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गोलू के घर सूचना पर कोहराम मचा रहा।

## बस ने पांच बिजली के पोलों में मारी टक्कर बडा हादसा टला बिजली ठप

**मऊआइमा।** बारात लेकर जा रही बस ने बिजली के पांच पोलों में टककर मार दी। जिससे पोल धराशायी हो गए।गनीमत रही कोई हादसा नहीं.हुआ। क्षेत्र की बिजली घंटों बाधित रही जैसे तैसी किसी तरह बिजली बहाल की गयी हैं। फिर भी कुछ मोहल्लों में बिजली बाधित है। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला मौलाना से अबूहलीम पटटी रोड पर एक बस बारात लेकर जा रही थी। अनियंत्रित बस ने बिजली के पांच पोलों में टक्कर मार दी। जिससे खम्बे टूट गए और केबिल गिर पडे और 11 हजार का तार भी टूट गया। जैसे तैसे स्थानीय लोगों ने बिजली कटवाई। घंटों मशक्कत के बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों ने किसी तरह बिजली बहाल हुई। फिर भी कुछ स्थानों पर आज भी बिजली ठप है। बिजली विभाग के अवर अभियंता प्रमोद सरोज ने बस चालक के खिलाफ लाखों का नुकसान की बात कहते हुए मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## इलाज कराने गई युवती से डॉक्टर ने की दुष्कर्म की कोशिश ,केस दर्ज

**घूरपुर।** थाना क्षेत्र के गौहनिया स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज कराने गई एक युवती के साथ अस्पताल के डॉक्टर ने दुष्कर्म की कोशिश की। युवती के शोर मचाने पर डॉक्टर उसे छोड़कर भाग खड़ा हुआ । पीड़िता ने घूरपुर थाने पहुंचकर मामले में डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज कराया है । घूरपुर थाना क्षेत्र के गौहनिया स्थित सहारा नर्सिंग होम में लालापुर थाना क्षेत्र की एक युवती अपने परिजनों के साथ इलाज कराने के लिए गई थी । आरोप है कि डॉक्टर ने दवा का पर्चा लिख युवती के साथ गए परिजन को मेडिकल स्टोर से दवा लेने के लिए भेज दिया । इधर जब युवती अकेले हुई तो वहां मौजूद डॉक्टर जय सिंह युवती के साथ अश्लीलता करते हुए दुष्कर्म की कोशिश करने लगा । युवती ने शोर मचाने का प्रयास किया तो डॉक्टर छोड़कर भाग निकला । परिजन जब दवा लेकर वापस आये तो पीड़िता ने मामले की जानकारी दी । पीड़िता को लेकर परिजन घूरपुर थाने में डॉक्टर के खिलाफ दुष्कर्म करने की लिखित शिकायत दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी । उधर यह भी बताया गया कि आरोपी पीड़िता के परिजनों के ऊपर दबाव बनाकर समझौता करने के प्रयास में लगा है ।

### डीजे बजाने को मना करने पर शिक्षक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**करछना।** दीपावली के दिन करछना थाना क्षेत्र के सुलमई गांव में त्यौहार पर डीजे बज रहा था ज्यादा शोर होने पर मना करने पर एक शिक्षक पर जानलेवा हमला का चाकू से घायल कर दिया पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नामजद तीनों अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया करछना थाना क्षेत्र के सुलमई गांव निवासी रमाशंकर के घर पर दीपावली के दिन शाम को डीजे का कार्यक्रम चल रहा था ज्यादा शोर होने पर पड़ोस के रहने वाले आशीष पुत्र चैतू राम जो प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं और साथ ही सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे हैं इनके ऊपर पड़ोस के अतुल, अंकित ,अनुराग पुत्र गण मणि शंकर द्वारा जानलेवा हमला कर शरीर पर कई जगहों पर चाकुओं से गोद कर लहूलुहान कर दिया शोर-शराबा सुनकर जब लोग इकट्ठा हुए तब हमलावर फरार हो गए घायल आशीष को सीएससी करछना में भर्ती कराया गया था जहां पर हालत गंभीर होने पर स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह ने बताया कि नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया गया है जिसमें तीन अभियुक्तों में एक बाल अपचारी है को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## कार्तिक मेलाः बलुआघाट मेले में पुलिस संग डीसीपीसी मुस्तैद

**प्रयागराज।** बलुआघाट बारादरी में कार्तिक माह में चलने वाले माहभर के मेले का शुभारंभ हो गया है। प्रथम दिन भारी संख्या में लोगों ने यमुना स्नान किया। मान्यता है कि चित्रकूट में दर्शन-पूजन के उपरांत यमुना स्नान से पूजा-अर्चना पूर्ण मानी जाती है। दीपावली के बाद पड़ने वाली परिवा (हिंदी मास का प्रथम दिन) से ही यह मेला शुरू हो जाता है। मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र में लगने वाले इस मेले को लेकर भी तमाम तरह की मान्यताएं हैं। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुट्ठीगंज पुलिस के साथ-साथ जिला अपराध निरोधक कमेटी (डीसीपीसी) के वालंटियर भी पूरी मुस्तैदी से साथ ड्यूटी निभा रहे हैं। हालांकि, इस बार यमुना नदी में दो बार बाढ़ आने के कारण स्नान घाट की समस्या बनी हुई है। जहां पर लोग स्नान कर रहे हैं, वहां अभी भी दलदल (कीचड़) बना हुआ है। श्रद्धालुओं के आने, स्नान करने और वापस लौटने तक हर सहायता की जा रही है। मेले में घूमने वाले चोर-उचक्कों से भी रखवाली की जा रही है। मेले के प्रथम व दूसरे दिन जिला अपराध निरोधक समिति प्रयागराज (ऊउढउ) के एसएम सिंह, निर्मल चड्ढा, सरदार हरविंदर सिंह, अनिल कुमार पांडेय, निशिकांत श्रीवास्तव, विजय केशरी, नेहा केशरी, मोहन यादव, अभिषेक यादव, शुभम केशरी, रंजन केसरवानी, रवींद्र विश्वकर्मा, सचिन केसरवानी, अमरीश, सतीश साहू, प्रेम मोहन वर्मा आदि ने पुलिस प्रशासन के सहयोग में डटे रहे।

# विक्टोरिया लाइट से जगमग हुआ कम्पनी गार्डेन से श्रीराम तिराहा

## कम्पनी गार्डेन में विधि विधान से पूजा अर्चना कर नगरवासियों को सौंपा यह प्रकाश योजना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दीपावली की शाम नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह अपने पति पूर्व अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह को लेकर शहर के व्यस्तम मार्ग कम्पनी गार्डेन से श्रीराम तिराहे से विक्टोरिया लाइट का लोकार्पण कर प्रकाष पर्व का तोहफा नगरवासियों को दिया।

नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि कम्पनी गार्डेन से श्रीराम तिराहे तक 50 विक्टोरिया लाइट लगाई गई है। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह, पूर्व अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कम्पनी गार्डेन में विधि विधान से दीपावली की पूजा कर विघ्नहर्ता गणेष भगवान व मां सरस्वती को यह प्रकाष योजना समर्पित किया। बता दें कि इस मार्ग पर राजकीय इंटर कालेज, राजकीय



कम्पनी गार्डेन में नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह का स्वागत करती महिला।

मेडिकल कालेज का प्रताप बहादुर चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय स्थित है।

इस व्यस्तम मार्ग पर प्रकाष की अच्छी व्यवस्था नहीं थी जिसे देखते हुए प्रकाष पर्व पर यह लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रेमलता सिंह ने कहा कि प्रकाष पर्व पर अंधेरा कहीं नहीं रहना चाहिये, इसलिये 50 विक्टोरिया लाइट यहां लगाई गई है। पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि नगरपालिका शहरवासियों की सुविधा के लिये सफाई व्यवस्था के साथ प्रकाष व्यवस्था को भी चुस्त दुरुस्त कर रही है। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में ओम प्रकाष शुक्ला, अमरीष सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तुलसी सदन में नपाध्यक्षा ने किया दीपदान

**प्रतापगढ़।** दीपावली के एक दिन पूर्व छोटी दीवाली पर नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने शहर के हादीहाल (तुलसी सदन) में 501 दीये जलाकर तुलसी सदन को जगमग कर दिया। इस अवसर पर सभासद ज्ञानेष मिश्रा, आषुतोष सिंह, सफाई प्रभारी प्रषांत सिंह आदि मौजूद रहे।

# दो महिला सिपाहियों से मनचले बदमाशों ने की छेड़छाड़ व मारपीट, मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दर्शन करने जा रही दो महिला सिपाहियो से बाइक सवार बदमाशो ने छेड़छाड़ व मारपीट की। पीड़िता सिपाही की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया गया।

सांगीपुर थाने में तैनात दो महिला सिपाही सिविल ड्रेस में स्कूटी से सोमवार को साम लगभग साढ़े छह बजे घूईसरनाथ धाम दीपावली पर दीए जलाने तथा दर्शन करने जा रही थी। वह जैसे ही देऊ पेट्रोल पंप के पास पहुंची ही थी कि पीछे से दो बाइक पर सवार पांच बदमाशो ने अश्लील इशारा के साथ छेड़खानी करने लगे। महिला सिपाही के विरोध करने पर बदमाशो ने मारपीट करने लगे, जिस पर एक महिला सिपाही के सिर में चोट लग गई और वह घायल हो गई । सूचना पर एसओ जितेंद्र सिंह मय फोर्स के साथ पहुंचकर घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर में भर्ती कराया। पेट्रोल पंप में लगा सीसी कैमरा में देखने से पांचों आरोपियो की पहिचान शिवकेश कुमार कोरी



पुलिस की गिरफ्त में मनचले बदमाश।

(21) पुत्र कल्पनाथ कोरी, अजीत वर्मा (20) पुत्र संजय वर्मा, विपुल सिंह (21) पुत्र बृज भान सिंह, शिव पूजन शर्मा (21) पुत्र पप्पू शर्मा, अभिषेक प्रताप सिंह (21) पुत्र तालुक दार सिंह समस्त निवासीगड़ पूरे नंदा बैसन राजमतीपुर सांगीपुर की हुई। पुलिस रात में ही सभी आरोपियों के घर दविश डाल कर गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर सभी को न्यायालय भेज दिया।

## महिला को पीटकर किया लहूलुहान

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ सिटी कजियाना मोहल्ला में विकलांग महिला को पीट कर लहूलुहान कर दिया गया। सिटी निवासी सुरेश की पत्नी निशा को परिवार के लोग चावल को छत पर फैलाने का आरोप लगाकर बड़े भाई का बेटा और उसकी पत्नी व मां ने घर में घुस कर पीट जिससे वह खून से लहूलुहान हो गई। महिला को लेकर सिटी चैकी इंचार्ज ने थाना भेजा। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# विश्व शांति के लिए हुआ परमहंस धाम अठेहा मे यज्ञ हवन

## कबड्डी प्रतियोगिता में आहरबीहर को मिला विजेता खिताब

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के अठेहा स्थित परमहंस धाम ज्ञानाश्रम में विश्व शांति की प्रार्थना को लेकर परम्परागत हवन पूजन किया गया। दीपावली पर चैंवालिसवें हवन यज्ञ के मौके पर कन्याओं ने यज्ञ मे प्रतिभाग कर लोक कल्याण की कामना की। वहीं परम्परागत मेले मे परमहंस बाबा कृष्णदास जी की प्रतिमा का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया।

कार्यक्रम को लेकर हुई कबडडी प्रतियोगिता मे कई जिलो के प्रतिभागियों ने रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मे जिले की आहरबीहर टीम को विजेता खिताब हासिल हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम के संयोजक बाबा नरेन्द्र स्वामी ने किया। अध्यक्षता बाबा संतदास ओझा व प्रबंधन महेन्द्र ओझा ने किया। समारोह का संचालन बाबा धर्मदास ओझा ने किया। कबडडी प्रतियोगिता मे फाइनल मुकाबला अमेठी के सैंठा व आहरबीहर की टीम के मध्य हुआ। आहरबीहर टीम ने उन्नींस अंको से सैंठा की टीम को करारी शिकस्त दी। कार्यक्रम के संयोजक बाबा नरेन्द्र ओझा ने बताया कि पिछले तैतालिस वर्षो से इस कार्यक्रम के जरिए विश्व सदभावना व राष्ट्रीय एकता की मिशाल लोगों के लिए प्रेरणा देती आ रही है। कबडडी प्रतियोगिता मे कमंटेज्टर राम अभिलाख शर्मा तथा रेफरी अछैबर सिंह की सराहनीय भूमिका के लिए आयोजन समिति द्वारा इन्हें सम्मानित भी किया गया।

## अनाथ बच्चों संग बच्चा बैंक ने बांटी खुशियां, दिए उपहार

**प्रतापगढ़।** अंतू के हतसारा गांव में अनाथ मोहन यादव के पांचों बच्चों के संग बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने दिवाली मनाई। इस मौके पर उनके घर पहुंचे बैंक के साथियों ने बैग,मिठाई, लाई इत्यादि गिफ्ट किया। त्योहार पर उपहार पाकर ज्योति और उसके चार छोटे भाई बहन खुशी से झूम उठे।

# अग्निकाण्ड से फसल नुकसान को लेकर सांसद प्रमोद तिवारी ने किसानों को सौंपा चेक, किसानों के खिले चेहरे

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आकस्मिक आगजनी से फसल को हुए नुकसान को लेकर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने प्रभावित इक्कीस किसानो को मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना योजना के तहत शासकीय सहायता चेक प्रदान किये।

बीते अप्रैल माह में क्षेत्र के सराय लालमती, पूरे पितंबर, मोठिन, धारूपुर समेत कुछ गांवो मे आकस्मिक आग लग जाने के कारण किसानो की फसल को नुकसान पहुंचा था। फसल के जलने की जानकारी मिलने पर उस समय सांसद प्रमोद तिवारी इन गांवो मे पहुंचे थे और स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से प्रभावित किसानों को निजी आर्थिक सहायता भी प्रदान की थी। आग से हुई फसल नुकसान को लेकर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने



किसानों को चेक प्रदान करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर इन किसानों को शासन की ओर से आर्थिक मदद दिलाये जाने का अनुरोध भी किया था। विधायक की पहल पर पीडित किसानो को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता मंजूर हुई। पहली किश्त के तौर पर विधायक मोना ने अपने पिछले दौरे मे उन्तालिस किसानों को चेक सौंपा था। छूटे किसानो को भी सहायता मंजूर होने के बाद सांसद प्रमोद तिवारी ने सोमवार की शाम कैम्प कार्यालय पर चेक प्रदान किये। चेक मिलने को लेकर किसानो के चेहरे पर संतोष देखा गया। इस मौके पर रामकृष्ण दुबे, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, आशीष उपाध्याय, केडी मिश्र, छोटे लाल सरोज, मुरलीधर तिवारी, पप्पू तिवारी, बृजेश द्विवेदी, मुन्ना शुक्ला आदि रहे।

## महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष का सपाईयों ने किया स्वागत

**प्रतापगढ़।** जिले के सगरा सुंदरपुर तेजगढ़ में मो. हारून के यहां शादी में शामिल होने आये समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष भिमण्डी विधायक अबू आसिम आजमी व गोपालपुर आजमगढ़ विधायक नफीस अहमद का पृथ्वीगंज बाजार, कटरा चैराहा व सुखपाल नगर में फूल, मालाओं व बुके देकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, शायर शहजादा कलीम, डॉ. शेर बहादुर यादव, नरेंद्र पाल, संतोष यादव, अश्वनी सोनी, गुलफाम खां, मो.समीम पूर्व प्रमुख, सिराजुलहक, तबारक हुसैन, धीरज यादव, विवेक यादव, सद्दाम अहमद, समीम खान, मो.अफसर, अजय मौर्या, कमलेश पटेल, शिवकुमार यादव, वकार अहमद, निसार अहमद, डॉ.एजाज, सईद अहमद, सफात अहमद, बृजेश यादव, सुधीर श्रीवास्तव, जुबैद अहमद, मुख्तार खान, कन्हैया लाल पाण्डेय, रिंकू पाल, रामकिशोर गौतम, मनीष पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# मिठाई की दुकान में घुसे बदमाशों ने की तोड़फोड़, हजारों रुपए की लूट का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मिठाई विक्रेता की दुकान में आधा दर्जन पहुंचे बदमाशों ने जमकर तांडव मचाया। काउंटर तोड़ कर के मिठाई की दुकान से रखे अस्सी हजार रुपये ले जाने का आरोप दुकानदार ने लगाया है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पट्टी खास के रहने वाले अशोक कुमार गुप्ता पुत्र गंगा सागर गुप्ता ने उड़ैयाडीह मोड़ पर मिठाई की दुकान खोल रखी है आरोप है कि बुधवार की सुबह साढे. नौ बजे आधा दर्जन लोग दुकान में पहुंचे और उसे मारने पीटने लगे तथा दुकान में रखा हुआ 80 हजार रुपये लेकर भाग गए। आरोपियों



बदमाशों द्वारा मिठाई की दुकान में हुई तोड़फोड़।

ने काउंटर भी तोड़ डाला। पीड़ित का कहना है कि वह एक आरोपी को पहचानता है शिकायती पत्र देने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मारपीट के दौरान एक गर्भवती महिला को आरोपियों ने पैर से मार कर नीचे गिरा दिया जिससे उसे गंभीर चोटें आई है। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर किठौली गांव की रहने वाली संजू विश्वकर्मा पत्नी वीरेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि मंगलवार की रात उसके पड़ोसी तीन लोग एक राय होकर लाठी डंडा लेकर पहुंचे और परिवारी जनों को मारने पीटने लगे विरोध करने पर आरोपियों ने गर्भवती संजू को पैर से मारा जिससे धक्के से वह नीचे गिर गई और उसे काफी चोटें आई बुधवार की सुबह संजू परिजनों के साथ पट्टी कोतवाली पहुंची और मामले में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## 115 वर्षीय वयोवृद्ध की आकस्मिक निधन

**परियावां, प्रतापगढ़।** बहुत कम ऐसे किस्मत वाले लोग रहते है जो लम्बी उम्र की दहलीज पार कर बड़े बड़े नाती पोते से अर्थी देने के लिए कंधा का सहारा बनते हैं जिनका जीवन धन्य हो जाता है।जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के सेखमोहम्मदपुर निवासी रामरत्नी उर्फ बचनी पत्नी स्व0 रामफल यादव (115) वर्षीय का बुधवार की भोर पहर दो बजकर तीस मिनट पर अंतिम सांस लेकर दुनिया से चल बसी जिनका परिजनों ने कोटरा बहादुर गंज के बारा बीघा गंगाघाट पर गाजा बाजा के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

# प्रतिमा सम्मान समारोह में छात्र-छात्राएं हुई सम्मानित




प्रतिभा सम्मान समारोह में मौजूद सदर विधायक व अन्य।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कॉलेज प्रांगण में मौर्य सभा के तत्वावधान में आयोजित माता बदल मौर्य स्मारक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र प्रसाद मौर्य ने प्रतिभाग करके भगवान बौद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्व गुरु भगवान गौतम बुद्ध के बारे में बताया। महान सम्राट अशोक के पथ पर चलने की छात्र छात्राओं को प्रेरणा दी गई। रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेन्ट्रल के संस्थापक सचिव रो0 डा0ऽशिवमूर्ति लाल मौर्य, पूर्व अध्यक्ष रो0ऽराजेन्द्र खण्डेलवाल, समन्वयक रो अश्विनी केसरवानी, सचिव रो शरद केसरवानी ने बच्चों को पाठ्य पुस्तकें की। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने बच्चों को पढ़ने के लिए कहानी की पुस्तकें भेंट की।

# धोखाधड़ी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एटीएम मशीन पर महिला के साथ धोखाधड़ी कर पैसा निकाल लेने के प्रकरण में पंजीकृत अभियोग से संबंधित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना कुण्डा के उ0नि0 घनश्याम सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछति, वारण्टी/विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 938/22 धारा 420 भादवि से संबंधित अभियुक्त संतोष पाठक पुत्र भैया लाल पाठक निवासी रायपुर पट्टी थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को 2800 रुपए नकद के साथ थाना क्षेत्र के के0पी0 कालेज के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ में बताया कि 14 अक्टूबर को एक्सिस बैंक के एटीएम पर एक महिला के एटीएम से धोखे से बदल लिया तथा उसका पिन कोड देख लिया था। बाद में उसी एटीएम से बेगम वार्ड के एसबीआई एटीएम पर मैंने 40 हजार रुपये निकाले थे, मेरे पास से बरामद 2800 रुपये उन्ही 40 हजार रुपये में से शेष बचे है, बाकी मैंने खर्च कर दिये ।

## आमने-सामने बाइक टक्कर में पांच घायल, रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक की आमने सामने भिडंत मे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलो को लालगंज ट्रामा सेंटर मे प्रारम्भिक उपचार के बाद चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लालगंज कोतवाली के असरही के पास गुम्मौर असरही निवासी अनिल यादव 17 पुत्र दिनेश तथा राघवेन्द्र यादव 28 पुत्र रामकिशोर व अभिषेक पुत्र राकेश एक बाइक से आ रहे थे। इसी बीच हिरऊ का पुरवा निवासी शेर बहादुर यादव बाइक से सामने से आ गया। असंतुलित होकर दोनों बाइकें एक दूसरे से भिड गयी। दुर्घटना मे चारो घायलो को गंभीर चोटें आयी है। आसपास के लोगों ने घायलो को इलाज के लिए लालगंज अस्पताल पहुंचवाया। यहां घायलो की स्थिति गंभीर देख चिकित्सको ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# शार्ट सर्किट से लाखों रुपये का टेन्ट का सामान जलकर खाक



आग से टेन्ट का सामान जलकर हुआ राख।

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के रानीमऊ लाला का बाजार मे सोमवार की बीती रात रोशनी टेन्ट हाउस में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग जाने से लाखों रुपये का टेन्ट का सामान जलकर खाक हो गया आग लगने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड कुंडा व संग्रामगढ़ के पुलिस कर्मियों के साथ मानिकपुर पुलिस ने बडी मशक्कत से आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि मोहम्मद अनीस पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद अमीन निवासी रानीमऊ लालाबाजार सोमवार की रात अपना टेन्ट हाउस बन्द करके घर चले गए अचानक रात लगभग 9 बजे जलने की बदबू होने पर हड़कम्प मच गया जानकारी मिलतें ही मोहम्मद अनीस भागकर दुकान आये और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली जिस पर फायर ब्रिगेड कुंडा को जानकारी दी गई सूचना पाकर फायर ब्रिगेड कुंडा व संग्रामगढ़ तथा मानिकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और बड़ी मसक्कत से आग पर काबू पाया आग लगने से टेन्ट का सारा सामान जलकर राख हो गया साथ में मकान जर्जर हो गया आग इतनी भयानक थी कि छत का पंखा गल गया और मकान के प्लास्टर उखड़ गये आगजनी में टेन्ट का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने पर हड़कम्प मचा रहा।

## आगजनी में गृहस्थी हुई खाक, बाइक व साइकिल भी जलकर हुए नष्ट

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अप्रत्याशित आगजनी में दो गृहस्थियां जलकर खाक हो गयी। वहीं एक नयी बाइक व साइकिल भी आग मे जलकर नष्ट हो गयी। लालगंज कोतवाली के तिकोनिया खजुरी गांव में बुधवार को श्यामलाल वर्मा तथा बाबूलाल वर्मा पुत्र द्वारिका प्रसाद के घरों मे अचानक आग फैल गयी। बाबूलाल तथा श्यामलाल इलाज के लिए इन दिनों सूरत गये हैं। घर पर श्यामलाल की पत्नी ममता तथा बाबूलाल की पत्नी किरन मौजूद थी।

अचानक आगजनी में दोनों घरों की गृहस्थी मे रखे अनाज तथा कपड़े व बर्तन आदि जलकर खाक हो गये। यहां मौजूद एक नयी बाइक तथा साइकिल भी आग मे धू धू कर जल उठी। आगजनी से दोनों परिवारों मे मातम छाया दिखा। सूचना मिलने पर लालगंज से फायर ब्रिग्रेड मौके पर पहुंची और किसी तरह ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी आगजनी की सूचना मिलने पर पीडित परिवारों से मिलकर दुख दर्द साझा किया।

## घर में घुसकर पिटाई को लेकर मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिला की घर मे घुसकर पिटाई को लेकर पुलिस ने एक नामजद तथा तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के धारूपुर निवासी आशिक अली की पत्नी हसीना बानो ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि मंगलवार की रात रंजिश को लेकर गांव के सरवर अली तीन अज्ञात लोगों के साथ लाठी डंडे से लैस होकर हमलावर हो उठे। आरोपियो ने पीडिता को घर मे घुसकर मारापीटा। गालीगलौज का विरोध करने पर आरोपियो ने गृहस्थी के सामान भी तोडकर नष्ट कर दिये। शोर मचाने पर आरोपी पीडिता को जानलेवा धमकी देते चले गये।

# स्वयं सहायता समूह एवं मनरेगा महिला श्रमिकों के साथ दीपावली कार्यक्रम में शामिल हुए डिप्टी सीएम

## सरकार गरीबों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है एवं देश व प्रदेश में गरीब कल्याण के अनेक कार्य किए जा रहे हैं


महिलाओं के साथ दीपावली मनाते डिप्टी सीएम


अनाथ बच्चों के साथ दीपावली मनाते डिप्टी सीएम


अनाथ बच्चों के साथ दीपावली मनाते डिप्टी सीएम


बृद्ध जनों को सम्मानित करते डिप्टी सीएम

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सौरई खुर्द में आयोजित मनरेगा मेट, बी0सी0 सखी, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं मनरेगा महिला श्रमिकों के साथ दीपावली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि अयोध्या में कल आयोजित भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें 21 वर्ष बाद अपने घर पर दीपावली के कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों के पढ़ाई का खर्च प्रदेश सरकार वहन कर रही है एवं बच्चों के समस्याओं का समाधान निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है एवं देश व प्रदेश में गरीब कल्याण के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों एवं विशेष कर गरीबों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास, शौचालय एवं निशुल्क विद्युत कनेक्शन प्रत्येक गरीब के घर तक पहुँचाने का कार्य किया गया है, शेष रह गये लोगों को भी शीघ्र लाभान्वित किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड के माध्यम से गरीबों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है, इस कार्ड के माध्यम से गरीब किसी भी सरकारी व सूचीबद्ध प्राइवेट अस्पताल में निःशुल्क इलाज करा सकते है, इसके लिए उन्हें किसी से कर्ज लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत ढाई वर्षों से प्रदेश के सभी गरीबों को निःशुल्क राशन दिया जा रहा है प्रधानमंत्री ने चिंता की है कि कोई गरीब भूखा न सोयें। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि दीपावली के दिन यह शपथ लेकर अपने घर जायें कि अपने घर, आस-पड़ोस एवं अपने गांव को स्वच्छ बनाकर रखेंगे प्रधानमंत्री ने कुम्भ, प्रयागराज में सफाई कर्मियों के पैर धोने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गो को बिना भेद-भाव के अनेक जनकल्याणकारी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है तथा सभी पात्र लोगों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किया गया है, शेष रह गए लोगों को भी शीघ्र लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है तथा डिजिटल इंडिया के तहत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को सीधे उनके खाते में हस्तांतरित कर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर ग्राम सभा में 02 अमृतसर बनाए जाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तालाबों पर हुए अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है तथा गांव में चकरोडों को नपवाकर मनरेगा के तहत मार्ग बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वयं का रोजगार करने के लिए सरकार द्वारा अनुदान पर लोन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, आप सभी इन योजनाओं का लाभ उठायें, स्वयं आर्थिक रूप से सक्षम होते हुए लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराये। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि छोटी-छोटी उद्यम लगाकर अपने गांव एवं जनपद तथा प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य करे इस अवसर पर पूर्व विधायकगण संजय गुप्ता, लाल बहादुर व शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### वृद्धजनों को प्रणाम कर डिप्टी सीएम ने मनाया दीपावली का त्यौहार

**अझुवा कौशाम्बी।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वृद्धा आश्रम, ओसा में वृद्धजनों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लिया तथा दीपावली का त्यौहार मनाकर खुशियॉ बॉटी एवं उन्हें उपहार भी भेट किया उप मुख्यमंत्री ने वृद्धजनों से वार्ता कर परिवार, भोजन एवं किसी प्रकार की समस्या होने की जानकारी प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी से कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से वृद्धजनों को लाभान्वित किया जाय तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कैम्प का आयोजन भी कराया जाय। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि जिन वृद्धजनों को उनका परिवार अपने साथ रखने से मना कर रहा है तथा परेशान कर रहा है, उनके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही किया जाय तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री ने जिला कारागार में आयोजित कैदियों के साथ दीपावली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर कैदियों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए जेल प्रशासन को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं को सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दियेबतत्पश्चात उप मुख्यमंत्री ने मॉ शीतला माता अतिथि गृह, सयारा परिसर में स्थापित तथागत गौतम बुद्ध सम्राट अशोक, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा पर दीपदान कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों के साथ डिप्टी सीएम ने मनाया दीपावली पर्व

**अझुवा कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज मां शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा में कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों के साथ हर्षोल्लास एवं खुशियों का त्यौहार दीपावली मनाया उप मुख्यमंत्री ने बच्चों से वातालर्प कर परिचय के दौरान परिवार, स्वास्थ्य व समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन एवं केंद्र व प्रदेश सरकार हरसंभव मदद उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल जिलाधिकारी या उन्हें अवगत कराये, शीघ्र निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने जिलाधिकारी को कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों के साथ बैठक कर आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने एवं शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को उपहार भी भेंट किया।

## केंद्र व प्रदेश सरकार हरसंभव मदद उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित : डिप्टी सीएम

### आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने एवं शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये

**अझुवा कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज माँ शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा में आयोजित कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों के साथ दीपावली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर हर्षोल्लास एवं खुशियों का त्यौहार दीपावली मनाकर खुशियॉ बॉटी।उप मुख्यमंत्री ने बच्चों से वातालर्प कर परिचय के दौरान परिवार, स्वास्थ्य एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन एवं केंद्र व प्रदेश सरकार हरसंभव मदद उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने बच्चों से कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल जिलाधिकारी या उन्हें अवगत कराये, शीघ्र ही निस्तारण किया जायेंगा। उन्होंने बच्चों से कहा कि मन लगाकर पढाई कर अपने परिवार एवं जनपद का नाम रोशन करें। उन्होंने जिलाधिकारी को कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों के साथ बैठक कर आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने एवं शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को उपहार भी भेंट किया इस अवसर पर पूर्व विधायकगण संजय गुप्ता लाल बहादुर व शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज ने फोर्स के साथ किया पैदल भ्रमण



**कौशाम्बी।** शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज द्वारा थाना कोखराज पुलिस बल के साथ थाना कोखराज क्षेत्रान्तर्गत मूरतगंज कस्बा में पैदल गश्त किया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा उन्होंने सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिसकर्मियों से कहा कि वह तन्मयतापूर्वक अनुशासित रहकर ड्यूटी करे

### यूआरएस इं. का. में शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित



**भरवारी कौशाम्बी।** यूआरएस इण्टर कॉलेज कनैली में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन हुआ बैठक मे त्रैमासिक परीक्षा परिणाम एवं प्रथम आए हुए बच्चो को कुछ गणमान्य व्यक्तित्व के द्वारा पुरस्कृत किया गया जिसमे निगम त्रिपाठी ओपी शर्मा एवम विद्यालय के प्रबंधक चितरंजन सिंह प्रधानाचार्य लाखन सिंह अध्यापकगण मनीष शिवकुमार राजेश अनूप अतुल रजनीश जगदीश धर्मेंद्र शेषधर आलोक अजय एवम शिक्षकाये मंजू प्राची रेशमा सन्नो दीपशिखा वैश्ननवी पूनम प्रीति प्राची सिंह नेहा सोनी तनु प्रतिभा रीता आदि तमाम शिक्षक एवं अभिभावक गण के समक्ष पुरस्कार वितरित किया गया वा रंगोली कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमे काफी संख्या में अध्यापक एवम अभिभावक की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया शिक्षक अभिभावक बैठक का मुख्य उदेस्य छात्र के सवार्गीण विकाश पर ध्यान देना है

### नायब तहसीलदार ने गरीब बस्ती में मनाई दिवाली



**अझुवा कौशांबी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गरीब बस्तियों में भी मिठाई आतिशबाजी और मोमबत्ती देकर दिवाली के पर्व पर गरीबों के चेहरे पर खुशियां लाने का निर्देश दिया है योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सिराथू तहसील क्षेत्र के नायब तहसीलदार अंकिता पाठक सिराथू तहसील क्षेत्र के गरीब असहाय झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीब परिवार के बीच पहुची और उन्होंने दीपावली के पर्व पर गरीब बस्ती के लोगों को मिठाई बांटकर और बच्चों को पटाखे मोमबत्ती बांटकर गरीब बच्चों के साथ नायब तहसीलदार अंकिता पाठक ने दीपावली का पर्व मनाया गरीब बस्ती में नायब तहसीलदार को दीपावली मनाते देखकर गरीब बस्ती के बच्चे खुशी से झूम उठे हैं इस दौरान उन्होंने बस्ती के लोगों को दीपावली की बधाई दी।

### सवारियों से भरा मालवाहक अल्फा पलटा बाइक सवार घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के टाण्डा भैरायें मार्ग पर 10 सवारियों को ले जा रहा मालवाहक अल्फा मोटरसाइकिल सवार के ऊपर पलट गया जिसमें मोटरसाइकिल सवार युवक गम्भीर घायल हो गए मौके पर 112 नम्बर पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेज दिया है जानकारी के अनुसार रवेंद्र मौर्य पुत्र धनराज निवासी टाण्डा ,सत्यम निर्मल पुत्र बराती लाल मोटरसाइकिल से अझुवा की तरफ आ रहे थे विपरीत दिशा से ड्राइवर लवकुश पुत्र दयाशंकर निवासी अटसरई 10 जनों को सभी अटसरई निवासी मालवाहक अल्फा भैरायें होता हुए कोरियो गांव के मजरा मलाका में जिला पंचायत द्वारा लगवाई जा रहे आरसीसी मार्ग निर्माण काम मे जा रहे थे इस दौरान सड़क पर तेज अनियंत्रित अल्फा वाहन देख मोटरसाइकिल सवार सड़क से नीचे मोटरसाइकिल खड़ी कर ली मोड़ और अल्फा ड्राइवर के नियंत्रण खोने से मोटरसाइकिल सवारो के ऊपर ही अल्फा पलट गया जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों अल्फा के नीचे दब गए चीख पुकार से मौके पर पहुंचे लोगों ने गम्भीर घायल सत्यम ,एवम आंशिक घायल रवेंद्र को बाहर निकाला इस्माइल पुर स्वाथ्य केंद्र भेज दिया जहां से डॉक्टरों ने गम्भीर स्थित देख जिला अस्पताल भेज दिया है ।

## कुवैत से सिल्वर मेडल लेकर लौटी सुनीता का जोरदार हुआ स्वागत

### कौशांबी में डॉ अरुण केसरवानी ने यूथ केपीएल की ओर से आयोजित किया सुनीता के सम्मान में कार्यक्रम







**करारी कौशांबी।** एशियन यूथ चैंपियनशिप में 3 हजार मीटर दौड़ में सिल्वर पदक जीतकर वापस कौशांबी लौटी सुनीता का मंगलवार को जिले में जोरदार तरीके से स्वागत हुआ है कौशांबी में यूथ केपीएल की सदस्य सुनीता जोरदार स्वागत का कार्यक्रम डॉ अरुण केसरवानी द्वारा आयोजित किया गया है एशियन यूथ चैंपियनशिप सुनीता के स्वागत में मंझनपुर कस्बे में जुलूस निकाला गया है जगह-जगह पर उनके वाहन पर पुष्प वर्षा की गई है इसी तरह मंझनपुर से करारी होते हुए दरियापुर की सड़कों पर सुनीता का जोरदार स्वागत हुआ है जगह-जगह लोगों ने उनके स्वागत में फूल बरसाए हैं खेल स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित कर सुनीता को सम्मानित किया गया है कार्यक्रम में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भी सुनीता की जीत पर बधाई दी है दलित समाज की बेटी सुनीता द्वारा विश्व स्तर पर कुवैत की 3 हजार मीटर की दौड़ में जीत दर्ज करने के बाद सिल्वर मेडल जीतने की खुशी में पूरे जिले में जश्न का माहौल है मंझनपुर तहसील के बरई बंधआ गांव की रहने वाली सुनीता के कुवैत से सिल्वर मेडल जीत कर जिले के साथ देश का भी नाम रोशन किया है बीते दिनों लखनऊ में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सुनीता की जीत पर उन्हें सम्मानित कर चुके हैं खुशी में लोगो ने लड्डू खिलाकर एक दूसरे को दी बधाई है जुलूस के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी उप जिला अधिकारी कोतवाल सहित कस्बे के गणमान्य लोगों में प्रेम चंद चौधरी सुबोध केसरवानी अंशुल केसरवानी उज्जवल केसरवानी गोपी मोदनवाल अशोक मोदनवाल अमरेश कुमार केसरवानी कल्लू फंडा सुरेश केसरवानी पूर्व चेयरमैन नरेश चंद केसरवानी राजेश केशरवानी सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सुनीता देवी द्वारा रजत पदक जीतने पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ स्वागत कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** सुनीता देवी द्वारा यूथ एशियन एथलेटिक चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के उपलक्ष्य में आज दिनांक 25 अक्टूबर को स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशांबी में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कौशांबी एवं पुलिस अधीक्षक कौशांबी ने सुनीता देवी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा यह आशा जताई कि आगे आने वाले सीनियर खेलों में सुनीता अच्छा प्रदर्शन करेंगी तथा अपने परफॉर्मेंस को और ऊंचा बनाने के लिए कठिन परिश्रम करेंगी तथा उत्कृष्ट कार्य के लिए क्रीड़ा अधिकारी रुस्तम खान को भी बधाई दी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनीता देवी को 51000 जिला प्रोत्साहन समिति से तथा 51000 राइफल क्लब से प्रदान किया। सुनीता के स्वागत सम्मान समारोह में मंझनपुर कस्बे में जोरदार तरीके से स्वागत रैली निकाली गई है जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया गया है इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डा0 अरुण केसरवानी का अहम भूमिका रही कार्यक्रम का संचालन क्रीडा अधिकारी ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कौशांबी, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर नगर के गणमान्य लोग प्रेमचंद्र चौधरी वरिष्ठ पत्रकार सुशील केशरवानी सुबोध केसरवानी उज्जवल केसरवानी पूर्व चेयरमैन नरेश चंद केसरवानी पूर्व सभासद अंशुल केसरवानी गोपी मोदनवाल अशोक कुमार मोदनवाल सुमित केसरवानी अमरेश कुमार कल्लू पंडा सुरेश केसरवानी राजेश केशरवानी पंकज गामा शम्सुल हसन खान नीरज मोदनवाल मो0फैज यासीन बेकरी शकील खान विजय केशरवानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे

### जनपद स्तरीय बालश्रम उन्मूलन समिति की बैठक सम्पन्न

**कौशाम्बी।** एसडीएम दीपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जनपद स्तरीय बालश्रम उन्मूलन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय बालश्रम परियोजना के प्रदेश में कुल 46 केन्द्र संचालित है, जिसमें से एक केन्द्र जनपद-कौशाम्बी में भी संचालित है, इस केन्द्र का उद्देश्य बालश्रम उन्मूलन है। बैठक में गत बैठक में लिये गये निर्णय एवं अनुपालन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय बालश्रम परियोजना द्वारा किये गये आय-व्यय एवं कार्यालय में उपलब्ध बजट पर विचार विमर्श किया गया उप जिलाधिकारी ने कहा कि एजेंसी के माध्यम से बाल श्रमिकों को चिन्हित कराकर, बच्चों को शिक्षा के लिए विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाय।

### सड़क दुर्घटना में मोटसाइकिल सवार भाई बहन सहित भांजा घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अम्बर ढाबा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में बहन को घर ले जा रहे बाइक सवार को ट्रैक्टर चालक ने बैक गेर में आते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार सभी घायल हो गए। कड़ा धाम थाना क्षेत्र सौरई बुजुर्ग निवासी अजय पुत्र सुरेश अपनी बहन पूजा वा 2 छोटे बच्चों को बुलाकर बाइक से घर जा रहा था जैसे ही बाइक सवार अम्बर ढाबा के पास पहुँचा अनियंत्रित गति से ट्रैक्टर ने बैक गेर लगाते हुए मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी जिससे चारो बाइक सवार घायल हो गए मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है ट्रैक्टर मय चालक को पुलिस ने कस्टडी में लिया है।

### मनौरी वासियों को मिली चौरी चौरा एक्सप्रेस की सौगात

**मनौरी कौशाम्बी।** मनौरी कस्बे के ब्यापारियों की मांग पर सांसद विनोद सोनकर के प्रयास को भारतीय रेल मंत्रालय ने हरी झंडी दे दी है 30 अक्टूबर से मनौरी स्टेशन पर चौरी चौरा एक्सप्रेस ट्रेन रुकेगी ट्रेन रुकने की जानकारी मिलने पर मनौरी के व्यापारियों समेत आम जनमानस में खुशी की लहर छाई है

## ट्यूबबेल पर सो रहे बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव में नलकूप में सो रहे एक वृद्ध पर बीती रात धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई है जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लगी है सूचना पाकर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी के अन्तर्गत नसीरपुर गांव निवासी त्रिभुवन उम्र 70 वर्ष पुत्र स्वामी नाथ प्रतिदिन की तरह रविवार की रात्रि में ट्यूबबेल पर सोने गए थे आधी रात को सोते समय बुजुर्ग व्यक्ति के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी गई है घटना की जानकारी लोगों को सुबह हुई है मृतक त्रिभुवन के दो लड़के है बड़ा लड़का दिल्ली में रहता है छोटा लड़का घर पर रहता है बुजुर्ग की हत्या की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के लोग घटनास्थल पर पहुंचे हैं बुजुर्ग की हत्या की जानकारी मिलते ही ग्रामीण हतप्रभ रह गए हैं जैसे ही बुजुर्ग की हत्या की जानकारी परिजनों को मिली रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं बुजुर्ग की हत्या की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


बुजुर्ग की हत्या के बाद मौके पर लगी भीड़

### सफाई कर्मचारी का पेड़ से लटकता मिला शव

**कौशाम्बी कोखराज।** थाना क्षेत्र के भरवारी में पशु अस्पताल में मृतक आश्रित में सफाई कर्मचारी का काम करने वाले मोनू का शव पेड़ पर लटकता हुआ मिला है,मोनू पशु अस्पताल में ही मिले कमरे में रहता था,मोनू ने दो शादियां कर रखी थी,सुबह मोनू का शव पेड़ पर लटकता हुआ देखा तो कोहराम मच गया। लोगो में चर्चा है की पारिवारिक कलह के चलते मोनू ने आत्महत्या की है।सूचना पर सिपाहियो के साथ पहुंचे भरवारी चौकी प्रभारी शियाकान्त चौरसिया ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी

### ग्रामीणों के साथ विधायक ने मनाई दीपावली



**भरवारी कौशांबी।** समाजवादी पार्टी से सिराथू विधानसभा की विधायक पल्लवी पटेल ने भरवारी के पास चमन्धा पहुंचकर ग्रामीणों के साथ दीपावली का पर्व मनाया जैसे ही पल्लवी पटेल का काफिला गांव पहुंचा पल्लवी पटेल के जिंदाबाद के नारे से गांव गूंज उठा लोगों ने बड़े गर्मजोशी के साथ विधायक पल्लवी पटेल का स्वागत किया और विधायक ने ग्रामीणों को दीपावली की बधाई दी विधानसभा चुनाव जीत के बाद विधायक पल्लबी पटेल द्वारा नगर पालिका परिषद भरवारी क्षेत्र के चमंधा गांव पहुंच कर ग्रामीणों के संग दीपावली का पर्व मानते हुए सभी ग्राम वासियों को प्रकाश पर्व की बधाई दी इस मौके पर पूर्व चेयरमैन कैलाश केसरवानी गुलाम हुसैन प्रेम नारायण केसरवानी सहित तमाम नेताओं के साथ विधायक ने दीपावली के त्योहार का जश्न मनाया इस मौके पर उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद दूसरी बार मैं चमन्धा गांव मे आई हूं उन्होंने कहा कि मेरी दिली इच्छा हुई की मैं चमन्धा गांव पहुच कर ग्रामीणों के बीच मिलकर दीपावली का पर्व मनाऊ और मेरी ग्रामीणों के साथ दीपावली पर्व मनाने की इच्छा पूरी हुई।

### रेलवे ट्रैक पर मिले अज्ञात शव की हुई शिनाख्त, परिजनों में कोहराम

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह 10:00 बजे अप लाईन पर रेलवे पुलिस को एक छिन्न भिन्न अज्ञात युवक शव मिला था जिसे कब्जे में लेकर रेलवे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया था वही आज बुधवार मृत युवक के परिजन शव की शिनाख्त के लिए पहुंच गए हैं मृतक के परिजनों के अनुसार युवक मनोज कुमार मिश्र पुत्र स्वर्गीय राम मनोहर उर्फ चंदन निवासी श्री का पुरवा मजरे हिसामपुर माढ़ो सैनी कोतवाली का निवासी था परिजनों के अनुसार युवक मानसिक रूप से अवसाद ग्रस्त था मंगलवार सुबह 8:00 बजे घर से बिना बताए चला गया था जिसकी परिजन नाते रिश्तेदारी सहित तमाम जगह तलाश कर रहे थे युवक का पता नहीं चला था आज परिजनों को अज्ञात शव मिलने की सूचना पर जीआरपी से संपर्क कर मनोज कुमार मिश्र के रूप में शव की पहचान की है युवक के ट्रेन से कटने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है परिजन प्रयागराज शव पोस्टमार्टम कराने के लिए चले गए हैं।

### विजय की प्रताड़ना से त्रस्त छात्र ने किया आत्महत्या


छात्र की आत्महत्या के बाद मौके पर लगी भीड़

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में एक छात्र ने मंगलवार की शाम 4:00 बजे फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है छात्र को फंदे से उतारकर परिजनों ने चिकित्सकों को दिखाया चिकित्सकों ने छात्र की मौत की पुष्टि कर दी है घटनास्थल पर मृतक छात्र के जेब से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें किसी विजय नामक ब्यक्ति को दोषी बताते हुए उसकी प्रताड़ना से त्रस्त होकर छात्रा ने आत्महत्या करने की बात कही है छात्र ने अपने सुसाइड नोट में एक मोबाइल नंबर लिखा है यह मोबाइल नंबर छात्र के आत्महत्या के बाद स्विच ऑफ हो गया है छात्र के आत्महत्या करने की जानकारी मिलने के बाद थाने में भारी हुजूम उमड़ा है और आरोपी विजय पर मुकदमा दर्ज कराने की जिद पर आक्रोशित लोग अड़े रहे भीड़ किसी विजय नामक सिपाही पर छात्र को प्रताड़ित करने का आरोप लगा रही थी भीड़ का कहना था कि छात्र ने सुसाइड नोट में जिस विजय को लिखा है वह विजय थाने का सिपाही है खबर लिखे जाने तक मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फांसी के फंदे से झूला युवक हालत गम्भीर

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भटपुरवा के रहने वाला बड़कू साहू शराब के नशे का आदी है,वह सोमवार की रात को किसी बात को लेकर नाराज हो गया और घर के अंदर जाकर फांसी के फंदे से झूल गया,बड़कू की पत्नी ने देखा तो शोर मचाया।शोर सुनकर आस पास के लोगो ने उसे फंदे से उतारा और अस्पताल में भर्ती कराया, जहा उसकी हालत नाजुक बनी हुई है दीपावली पर्व पर परिवार की खुशियां छिनते छिनते बच गई,परिवार के मुखिया ने शराब के नशे में फांसी लगा ली पत्नी ने देखा तो शोर मचाया,शोर सुनकर लोगो ने पहुंचकर युवक को फंदे से उतारा और अस्पताल में भर्ती कराया ,जहा उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## बहादुरपुर में दंगल देखने के लिए उमड़ी भारी भीड़

### दंगल मैदान में अंतर प्रांतीय पहलवानों के साथ महिला पहलवान ने भी लिया कुश्ती में हिस्सा विजई पहलवानों को माल्यार्पण कर उन्हें किया गया पुरस्कृत



**कौशाम्बी।** बिगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मंझनपुर तहसील के बहादुरपुर गांव में दंगल का आयोजन किया गया। दंगल की शुरुआत पूर्व प्रधान मोहम्मद नायाब शुरू किया उन्होंने बताया कि आज से 25 साल पहले दंगल शुरू किया था जो प्रतिवर्ष चल रहा है दंगल में शामिल होने के लिए यूपी व हरियाणा सहित कई राज्यों से पहलवान पहुंचे है दंगल शुरू होते ही दर्शकों की भारी भीड़ जमा हो गयी। वीरेंद्र फौजी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। दंगल में जम्मू से पहुंचे कबीर पहलवान व ग्वालियर के शैतान पहलवान, व हरियाणा के गुलसन पहलवान काफी चर्चा में रहे। इन सभी पहलवानों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इनके अलावा शैतान पहलवान व टेवा के पहलवान,की कुश्ती काफी रोमांचकारी रही, इनकी कुश्ती कल भी हुई थी जिसमे शैतान सिंह ने पच्छपात का आरोप लगाया गया था जिससे आज फिर कुस्ती हुई जिसमें फिर से टेवा के पहलवान ने फिर बाजी मारी आकाश पहलवान,आदि ने भी दंगल में दम दिखाया। मध्यप्रदेश के दीपू पहलवान निर्णायक की भूमिका में थे। चार घंटों तक कार्यक्रम चला। दंगल में शुरू से लेकर अंत तक दर्शक जमे रहे। महिला पहलवान वैशाली ग्वालियर व सुरेश की कुस्ती में महिला पहलवान विजयी हुई तहसील चैंपियन रतन थांभा और लालता पहलवान हकीमपुर से कुश्ती हुई जिसमें लालता पहलवान विजयी हुए दंगल चैंपियन की कुस्ती गुलशन पहलवान हरियाणा और कबीर पहलवान जम्मू की हुई जिसमें जम्मू के पहलवान ने बाजी मारी और जिला चैंपियन की कुस्ती दीपक पहलवान और राजेश पहलवान टेवा की हुई जिसमे टेवा के राजेश पहलवान विजयी हुए। दंगल की समाप्ति के बाद आयोजन समिति ने सभी पहलवानों का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें माल्यार्पण कर पुरस्कृत किया। इस मौके पर विधायक विजमा यादव के भतीजे पंकज यादव, वीरेंद्र फौजी, सुरेश प्रधान कमला प्रसाद तिवारी, राम लखन यादव, लव सिंह यादव, रज्जन यादव, बेनी प्रसाद प्रजापति, मोहम्मद शाहिद, अहमद मियां, धर्मेंद्र कुमार गौतम जंगली लोधी मनीष कुमार लोधी आदि ने पहलवानों को पुरस्कृत किया जिसमें 100 से लेकर 51सौ रुपए तक इनाम दिया गया तहसील चैंपियन व जिला चैंपियन व दंगल चैंपियन को इनाम में एक एक पंखा भी दिया गया

# ऋषि परंपरा का सुनक संदेश

संपादकीय

## ऋषि सुनकः अद्वितीय ब्रिटिश महानायक

**ऋषि** सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए। यह ब्रिटेन की ही नहीं, विश्व की अद्वितीय घटना है। अद्वितीय इसलिए कि जो भारत ब्रिटेन का लगभग दो सदियों तक गुलाम रहा, उसका प्रधानमंत्री एक ऐसा आदमी बन गया, जो इसी भारतीय मूल का है। ब्रिटेन पर अब कोई भारतीय शासन करेगा। आजादी के 75 वें साल में भारत को इससे बढ़िया तोहफा क्या मिल सकता है? दुनिया में श्वेतांग राष्ट्रों के अग्रणी राष्ट्र, ब्रिटेन का यह व्यक्ति पहला अश्वेत प्रधानमंत्री है। इस मामले में सुनक की तुलना हम बाराक ओबामा से कर सकते हैं, जो अमेरिका जैसे सबसे बड़े श्वेतांगों के देश के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने। कोई आश्चर्य नहीं कि अमेरिका का भी अगला राष्ट्रपति कोई भारतीय मूल का व्यक्ति ही बन जाए। उपराष्ट्रपति पद तक कमला हैरिस पहुंच ही चुकी हैं। मैंने लगभग 20 साल पहले अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के हॉल में भाषण देते हुए कहा था कि अगले दो-ढाई दशक में कोई भारतीय मूल का व्यक्ति ही अमेरिका का राष्ट्रपति बनकर रहेगा। यह आशा सुनक के ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनने पर अधिक प्रबल हो गई है। जब सुनक कुछ हफ्तों पहले लिज ट्रस के मुकाबले प्रधानमंत्री पद का चुनाव हार गए थे, तब हमें ऐसा लग रहा था कि सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के ज्यादातर गोरे सदस्यों पर रंगभेद का दुर्भाव सवार हो गया है। सुनक के सुयोग्य और साहसी होते हुए लिज ट्रस के मुकाबले उनको सिर्फ इसीलिए हारना पड़ा है कि वे अंग्रेज नहीं हैं, मूलतः भारतीय हैं, वे ईसाई नहीं हैं, मूलतः हिंदू हैं। बोरिस जॉनसन की सरकार भी उनके इस्तीफे के बाद ही गिरने लगी थी, फिर भी वे प्रधानमंत्री नहीं बन सके लेकिन कंजर्वेटिव पार्टी के बहुसंख्यक गौरांग सदस्यों ने इस बार सुनक के पक्ष में इतना खुला समर्थन जताया कि उन्हें प्रधानमंत्री पद का चुनाव लड़ना ही नहीं पड़ा। उनके दोनों प्रतिद्वंद्वियों ने, जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री जॉनसन भी थे, चुनाव के पहले ही अपनी हार मान ली। दूसरे शब्दों में सुनक निर्विरोध चुने गए विशिष्ट प्रधानमंत्री हैं। उनका प्रधानमंत्री बनना प्रतिद्वंद्वी लेबर पार्टी के लिए बड़ी चुनौती है, क्योंकि जॉनसन और ट्रस को टक्कर देना उसके लिए काफी आसान रहता लेकिन सुनक को हराना आसान नहीं है। अगले चुनाव दो साल के अंदर ही होने वाले हैं। इस बीच सुनक की पूरी कोशिश होगी कि जैसे वित्तमंत्री के रूप में उन्होंने कोरोना काल में सराहनीय कार्य करके दिखाया, वैसा ही प्रदर्शन अब इस अल्पावधि में उन्हें करके दिखाना होगा। जॉनसन और ट्रस ने ब्रिटिश अर्थव्यवस्था को लंगड़ा करके छोड़ दिया है।

## खड़गे को शुरू करनी होगी भाजपा के खिलाफ वैचारिक लड़ाई

**राजनीतिक** लड़ाई हिंदुत्व की राजनीति का प्रचार करने वाली ताकतों और धर्मनिरपेक्ष ताकतों के बीच होने वाली है, जो समय बीतते के साथ और कड़ी होती जायेगी। सत्ता जुनूनी नेताओं, जिनके एक कदम पार्टी के बाहर ही होते हैं, से उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे हिंदुत्ववादी ताकतों से जोरदार मुकाबला करेंगे। समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष ताकतों को भाजपा की साजिश का कोई जवाबी बयान देना होगा। अध्यक्ष चुनाव ने भारत की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को वैचारिक धरातल पर लगभग विभाजित कर दिया है। कांग्रेस अलग-अलग राजनीतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि वाले लोगों का समूह रही है। इसकी कभी कोई परिभाषित वैचारिक रेखा नहीं रही, यद्यपि पार्टी मुख्य रूप से मध्यमार्गी राजनीतिक अपनाती रही। आजादी से पहले भी इसके निर्णय लेने वाले निकायों में अगर वल्लभ भाई पटेल और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे नेता थे, तो मार्क्सवादउन्मुख नेता भी थे। लेकिन मल्लिकार्जुन खड़गे के अध्यक्ष के रूप में चुनाव से कांग्रेस में वैचारिक लड़ाई का नया दौर देखने को मिलेगा। इस चुनाव में पार्टी ने वाममार्गी तत्वों जिसमें परिवर्तन के पक्षधर उदारवादी नेता शामिल थे तथा दक्षिणमार्गी नेताओं के बीच लड़ाई देखी। युवा तुर्कों के दिनों में, वामपंथी उन्मुख नेताओं की एक मजबूत पकड़ थी क्योंकि कांग्रेस नेतृत्व को उदार और मध्यमार्गी तत्वों के आक्रमण का मुकाबला करने के लिए उनकी आवश्यकता थी। इस चुनाव से पहले, पार्टी के दो चुनाव हुए- एक 1997 में और दूसरा 2000 में। लेकिन इन दोनों चुनावों का कोई वैचारिक झुकाव नहीं था। वे चुनाव व्यक्तित्व संघर्ष की प्रकृति के अधिक थे। इस बार का नजारा काफी अलग रहा। हिंदुत्व और अति-राष्ट्रवाद की भाजपा की राजनीति के कारण समाप्त हो जाने के खतरे से जूझती कांग्रेसनेतृत्व के लिए स्वयंभू वामपंथी उन्मुख राजनीति में झांकना अनिवार्य हो गया है। पार्टी नेतृत्व को यह अहसास हो गया है कि नरम हिंदुत्व की राजनीति पर चलना स्वयं को पराजित करना तथा विनाशकारी साबित होगा। इस चुनाव की एक विशेषता काफी महत्वपूर्ण रही है। जी-23 समूह, जो पार्टी के भीतर असहमति की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है, मल्लिकार्जुन के पीछे लामबंद हो गया है। शशि थरूर को 1072 मत मिले जो इस बात के संकेत है कि जिला स्तर तक के सदस्य और नेता पार्टी में आमूलचूल परिवर्तन चाहते हैं। उम्मीद की जा रही है कि अनुभवी मल्लिकार्जुन खड़गे आम सहमति की राजनीति करेंगे, परन्तु थरूर को मत देने वाले सब कुछ चुपचाप मानकर शांत नहीं बैठने वाले। इसलिए खड़गे को गुटीय प्रभावों से ऊपर उठने और निष्पक्ष रूप से निर्णय लेने की उनकी क्षमता से आंका जायेगा। एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि कांग्रेस सदस्य, खड़गे या थरूर के प्रति अपनी वफादारी के बावजूद, गांधी परिवार के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह गलत धारणा है कि थरूर गांधी परिवार के विरोधी रहे हैं। इस बीच के घटनाक्रम पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है - नरेंद्र मोदी का खड़गे को जीत के लिए बधाई देना और दूसरा भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय का थरूर की हार पर दुख व्यक्त करना। इनके अशुभ उद्देश्य हैं। यह थरूर के मामले में अधिक महत्वपूर्ण है।

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**द्वितीय** विश्वयुद्ध के बाद ब्रिटेन सबसे बड़े संकट का सामना कर रहा है। इस संकट की शुरूआत कोरोना महामारी के दौरान हो गई थी। अपनी स्वास्थ्य व्यवस्था पर गर्व करने वाला ब्रिटेन कोरोना के सामने लाचार हो गया था। वहां की सरकार ने तो पूरी तरह समर्पण कर दिया था। उस समय विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आपदा प्रबंधन की विशेष रूप में प्रशंसा की थी। संगठन का कहना था कि ब्रिटेन को भी मोदी योगी मॉडल से प्रेरणा लेनी चाहिए। इसी क्रम में नरेन्द्र मोदी ने आयुर्वेद की दुनिया का ध्यानाकर्षण किया। इसको कोरोना से मुकाबले में सर्वाधिक कारगर माना गया। भारतीय जीवनशैली की चर्चा दुनिया में हुई। पश्चिम की उपभोगवादी सभ्यता संस्कृति इस संकट के सामने टिक नहीं सकी। भारतीय संस्कृति और विरासत के प्रति आकर्षण बढ़ने लगा। इसके कुछ पहले से ही भारतीय विरासत को दुनिया में प्रतिष्ठा मिलने लगी थी। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को है। उन्होने प्रधानमंत्री बनने के बाद भारतीय विदेश नीति को नया आयाम दिया था। संयुक्तराष्ट्र संघ महासभा में उन्होने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव किया था। इस प्रस्ताव ने सफलता का कीर्तिमान बनाया । सबसे कम समय में सर्वाधिक देशों का समर्थन इस प्रस्ताव को मिला था। उसके बाद पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्राओं में मेजबान नेताओं को भगवत गीता और देवी देवताओं की मूर्ति भेंट में देते हैं। बात आगे बढ़ी तो पता चला कि अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति हनुमान भक्त हैं। वह हनुमान चालीसा अपने पास रखते हैं। भारत की यात्रा पर पहुंचने वाले अमेरिका, ब्रिटेन अन्य यूरोपीय देशों जापान और ऑस्ट्रेलिया के नेता मोदी के साथ मंदिरों के दर्शन करने लगे। मंदिर की सीढ़ियों पर बैठ कर द्विपक्षीय वार्ता होने लगी। काशी की गंगा आरती में विदेशी मेहमान पहुंचने लगे। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन में करीब दो दर्जन देशों के प्रतिनिधि सहभागी हुए थे। अयोध्या में अनेक देशों की रामलीला आयोजित होने लगी। ऋषि सुनक के ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनने पर इन प्रसंगों का उल्लेख अजीब लग सकता है। लेकिन ब्रिटिश राजनीति में उनके महत्व को बढ़ाने में यह तथ्य भी सहायक थे। कंजरवेटिव पार्टी में दिग्गज नेताओं की कमी नहीं है। ऐसे में भारतीय मूल के व्यक्ति का



ऋषि के पिता यशवीर सुनक इनमें से ही एक थे जिनका जन्म नैरोबी में सन 1949 में हुआ था। साल 1966 में यशवीर लिवरपूल आ गए और यहां पर लिवरपूल यूनिवर्सिटी से मेडिसिन की पढ़ाई की। फिलहाल वो साउथ हैंपटन में रहते हैं। रामदास सुनक की तीनों बेटियों ने भारत में ही पढ़ाई की

प्रधानमंत्री बन जाना सामान्य बात नहीं है। उनकी पार्टी का नाम ही कंजरवेटिव अर्थात रूढ़िवादी है। अंग्रेजों में अपने को श्रेष्ठ समझने का रूढ़िवादी विचार भी रहा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में भारतीय जीवन मूल्यों को नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से जो प्रतिष्ठा मिली है, उससे अंग्रेजों का भारतीय विरासत पर विश्वास बढ़ा है। कुछ वर्ष पहले तक अंग्रेज भारतीय मूल के व्यक्ति की ताजपोशी का सपना भी नहीं देख सकते थे। मंत्री बनने तक गनीमत थी। लेकिन प्रधानमंत्री पद पर वह भारतीय मूल के व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं कर सकते थे। विगत आठ वर्षों में जिस पर माहौल में परिवर्तन आया है, उसी का लाभ ऋषि को मिला। वह ब्रिटेन के निर्विरोध प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने भी बदलते माहौल को बखूबी समझा है। कुछ वर्ष पहले से ही उन्होंने अपने हिन्दू होने पर गर्व व्यक्त करना शुरू कर दिया था। यदि वह ऐसा न करते तो शायद उन्हें संकट के इस दौर में ऐसा समर्थन न मिलता। वित्त मंत्री पद की शपथ उन्होंने गीता पर हाथ रख कर ली थी। उन्होंने अपने मन्दिर जाने और गौ सेवा करने की फोटो मीडिया में साझा की। अंग्रेजों ने इसी आधार पर सुधार और परिवर्तन की अपेक्षा की। अन्यथा एक समय था जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री चर्चिल ने कहा था कि हम भारतीयों के हित में ही वहां शासन कर रहे हैं। मैं ब्रिटेन का प्रधानमंत्री इसलिए नहीं बना हूं कि भारत को स्वाधीनता देकर ब्रिटिश साम्राज्य का दिवाला निकाल दूं। भारत सदियों से ब्रिटेन का गुलाम रहा है। इसके निवासियों को आजादी के सपने देखने का कोई अधिकार नहीं है। ब्रिटिश साम्राज्य इतना शक्तिविहीन नहीं हो गया है कि वह भूखे, नंगे, भारतवासियों को कुचल न सके। द्वितीय विश्वयुद्ध के समय विंस्टन चर्चिल ब्रिटिश प्रधानमंत्री थे। उनका कहना था कि भारतीयों में शासन करने की योग्यता नहीं है। यदि भारत को स्वतंत्र कर दें तो वह ठीक से शासन नहीं कर सकेंगे। आज उस देश में भारतीय मूल का व्यक्ति चर्चिल की कुर्सी पर आसीन हुआ है। ऋषि सुनक ने कहा कि मैं एक गौरवशाली हिंदू हूं। यही मेरा धर्म है। उनकी मेज पर भगवान श्री गणेश की एक प्रतिमा रहती है। सुनक गोमांस त्यागने की अपील भी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं अब ब्रिटेन का नागरिक हूं लेकिन मेरा धर्म हिंदू है। भारत मेरी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं एक हिंदू हूं और हिंदू होना ही मेरी पहचान है। ऋषि के दादा रामदास सुनक गुंजरावाला में रहते थे जो बंटवारे के बाद पाकिस्तान में चला गया। रामदास ने सन 1935 में गुंजरावाला छोड़ा और वो क्लर्क की नौकरी करने के लिए नैरोबी पहुंचे गए। बकौल ऋषि की बायोग्राफी लिखने वाले माइकल एशक्रॉफ्ट- रामदास सुनक हिंदू और मुसलमान के बीच खराब होते रिश्तों की वजह से नैरोबी गए थे। रामदास की पत्नी सुहाग रानी सुनक, गुंजरावाला से दिल्ली आ गई थीं और उनके साथ उनकी सास भी थी। इसके बाद वो सन 1937 में केन्या चली गईं। रामदास अकाउंटेंट थे जो बाद में केन्या में एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर बने। रामदास और सुहाग रानी के छह बच्चे थे जिसमें तीन बेटे और तीन बेटियां थीं। ऋषि के पिता यशवीर सुनक इनमें से ही एक थे जिनका जन्म नैरोबी में सन 1949 में हुआ था। साल 1966 में यशवीर लिवरपूल आ गए और यहां पर लिवरपूल यूनिवर्सिटी से मेडिसिन की पढ़ाई की। फिलहाल वो साउथ हैंपटन में रहते हैं। रामदास सुनक की तीनों बेटियों ने भारत में ही पढ़ाई की। ऋषि के नाना रघुबीर बेरी पंजाब के रहने वाले थे। फिर वो एक रेलवे इंजीनियर के तौर पर तंजानिया चले गए। यहां पर उन्होंने तंजानिया में जन्मी सरक्षा सुनक से शादी की। बॉयोग्राफी के मुताबिक सरक्षा साल 1966 में वन-वे टिकट पर यूके गई थीं। इस टिकट को उन्होंने अपने शादी के गहने बेचकर खरीदा था। बेरी भी यूके आ गए और यहां पर कई साल तक इनलैंड रेवेन्यू के साथ उन्होंने काम किया। इसके बाद वो साल 1988 में ब्रिटिश राजशाही के तहत मेंबर ऑफ ऑर्डर बने। इस दंपति के तीन बच्चे थे जिनमें से एक ऋषि की मां ऊषा भी थीं। उन्होंने सन1972 में एश्टन यूनिवर्सिटी से फार्मालॉजी में डिग्री ली थी। माता-पिता की पहली मुलाकात लिसेस्टर में हुई थी और साल 1977 में उन्होंने शादी कर ली। ऋषि पर ब्रिटेन को आर्थिक संकट से बाहर निकालने की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नियुक्त होने के बाद देश को पहले संबोधन में सुनक ने कठोर आर्थिक फैसलों की बात कही है। लिज ट्रस ने विफलता के बाद प्रधानमंत्री पद छोड़ दिया था। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि ब्रिटेन की हालत खराब है। उसके बाद ऋषि सुनक सम्राट चार्ल्स तृतीय से मिले, जिन्हें औपचारिक रूप से ब्रिटेन का प्रधानमंत्री नियुक्त कर दिया गया। ऋषि सुनक ने कहा कि वे भविष्य में देश का नेतृत्व करने, अपनी जरूरतों को राजनीति से ऊपर रखने और अपनी पार्टी की श्रेष्ठ परंपराओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 डाउनिंग स्ट्रीट तक पहुंचे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे सबके साथ मिलकर अविश्वसनीय चीजें हासिल करने में सफल होंगे। सुनक ने दावा किया कि वे भारी संख्या में हुए बलिदानों के अनुरूप भविष्य का निर्माण करेंगे। आने वाले दिनों को आशा भरा बताते हुए उन्होंने अपनी सरकार को हर स्तर पर ईमानदार, व्यावसायिक एवं जवाबदेह करार दिया। उन्होंने कहा कि विश्वास कमाया जाता है और वे प्रधानमंत्री के रूप में ब्रिटेन की जनता का विश्वास जीतेंगे। उन्होंने ब्रिटेन की जनता से मानवता के साथ काम करने का वादा किया, ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य का पथ प्रशस्त हो सके। उन्होंने इसके लिए देश को सिर्फ शब्दों से ही नहीं, बल्कि अपनी गतिविधियों से भी एकजुट करने की बात कही। आर्थिक मोर्चे पर पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस की विफलता के चलते इस मोर्चे पर उनके बयान की प्रतीक्षा सिर्फ ब्रिटेन ही नहीं दुनियाभर को थी। इस पर ऋषि सुनक ने कहा कि आर्थिक स्थिरता और विश्वास उनकी सरकार के एजेंडे का मुख्य विषय होगा।

## नए जिलों के गठन में उलझी गहलोत सरकार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में शीघ्र ही कुछ और नए जिलों का गठन करने की बात कह कर एक नई चर्चा छेड़ दी है। इसके बाद बहुत बड़ी संख्या में नए जिलों के गठन की मांग होने लगी है। पूर्व आईएएस अधिकारी राम लुभाया के नेतृत्व में एक हाई पावर कमेटी का गठन किया गया है। जिसको प्रदेश में भौगोलिक दृष्टि से नए जिलों के गठन के बारे में सरकार को सुझाव देना है। इस हाई पावर कमेटी का कार्यकाल 21 मार्च 2023 तक निश्चित किया गया है। अगले साल प्रदेश में विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चाहते हैं कि चुनाव से पूर्व कमेटी अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपे। ताकि समय रहते सरकार नए जिलों के गठन की कवायद पूरी कर सके और चुनाव से पहले नए जिले काम करने लगे। राजस्थान में अभी 33 जिले हैं। जबकि क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा प्रांत है। राजस्थान का क्षेत्रफल 3 लाख 42 हजार 236 वर्ग किलोमीटर है। जो जर्मनी जैसे देश से भी बड़ा है। क्षेत्रफल में राजस्थान से छोटे मध्य प्रदेश में 55 जिले हैं। जबकि अरुणाचल प्रदेश जैसे छोटे से राज्य में ही जिलों की संख्या 25 हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में 28 जिले हैं। 26 जनवरी 2008 में प्रतापगढ़ को राजस्थान का 33 वां जिला बनाया गया था। उसके बाद पिछले 14 वर्षों में प्रदेश में नए जिले के गठन की मांग लगातार उठती रही है। 2014 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने भी सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी परमेश चंद्र की अध्यक्षता में एक हाई पावर कमेटी का गठन किया था। उस कमेटी ने प्रदेश में नए जिले बनाने संबंधी अपनी रिपोर्ट सरकार को दे दी थी। लेकिन सरकार ने तब कोई नया जिला नहीं बनाया था। 1 नवम्बर 1956 को राजस्थान के गठन के वक्त प्रदेश में 26 जिले थे। फिर 15 अप्रैल 1982 को प्रदेश में धोलपुर को 27 वां जिला बनाया गया था। 10 अप्रैल 1991 को एक साथ तीन नये जिले बारां, दौसा व राजसमंद बनाये गये थे। 12 जुलाई 1994 में हनुमानगढ़, 19 जुलाई 1997 में करौली, 26 जनवरी 2008 को प्रतापगढ़ जिला बना था। नए जिलों के गठन के लिए बनाई गई हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष राम लुभाया का कहना है कि किन शहरों को नया जिला बनाया जा सकता है इसके लिए विस्तृत अध्ययन चल रहा है। हम अलग-अलग क्षेत्र के विशेषज्ञों से भी सलाह मशविरा कर रहे हैं। आने वाले समय में जल्दी ही हम रिपोर्ट मुख्यमंत्री गहलोत को सौंप देंगे। उसके बाद सरकार अपने स्तर पर निर्णय लेगी कि कहां-कहां नए जिले बनाए जाने उचित है। राजस्थान में नए जिलों के गठन के लिए जैसे ही हाई पावर कमेटी बनाई गई उसके बाद प्रदेश में करीबन 60 स्थानों से नए जिले बनाने की मांग होने लगी है। कई स्थानों पर तो नए जिलों के गठन को लेकर कांग्रेस पार्टी के ही मंत्री, विधायक आपस में एक दूसरे से तकरार करने लगे हैं। बाड़मेर जिले के कांग्रेसी विधायक मदन प्रजापत ने करीबन डेढ़ वर्ष पहले अपने विधानसभा क्षेत्र बालोतरा को जिला बनाने की मांग को लेकर विधानसभा में ही सौगंध ली थी कि जब तक बालोतरा जिला नहीं बन जाएगा वे जूते नहीं पहनेंगे। बालोतरा अभी तक जिला नहीं बन पाया है। इसलिए विधायक मदन प्रजापत को बिना जूता चप्पल पहने ही घूमना पड़ता है। आगे यदि बालोतरा जिला नहीं बन पाता है तो बेचारे मदन प्रजापत को तो हमेशा नंगे पैर ही घूमना पड़ सकता है। सीकर जिले के नीमकाथाना को जिला बनाने के लिए कांग्रेस विधायक सुरेश मोदी अपना पूरा दमखम लगाए हुए हैं। वही नीमकाथाना में झुंझुनू जिले के उदयपुरवाटी व खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र को शामिल करने के प्रस्ताव पर उदयपुरवाटी के विधायक व सैनिक कल्याण राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा की सुरेश मोदी से तकरार हो रही है। गुढ़ा का कहना है कि नीमकाथाना जिला बनने की शर्तें पूरी नहीं करता है। यदि नीमकाथाना जिला बनता है तो उससे पहले मैं उदयपुरवाटी को जिला बनवा दूंगा। इसी तरह मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार व पूर्व मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने भी खेतड़ी क्षेत्र को प्रस्तावित नीमकाथाना जिला में शामिल करने का विरोध किया है। अभी राजस्थान के 33 में से 22 जिलों में करीबन 50 से 60 शहरों को जिला बनाने की मांग हो रही है। नए जिलों के गठन को लेकर इतनी अधिक राजनीति हो रही है कि लोग नए जिलों के गठन के मापदण्ड को भी भूल गए हैं।

नए जिलों के गठन के लिए कुछ मापदंड निर्धारित होते हैं। जिनके आधार पर नए जिलों के प्रस्ताव लिए जाते हैं। हालांकि नए जिलों के गठन में सबसे बड़ी भूमिका तो राजनीति की ही रहती है। राजनीतिक फैसलों से कई बार वास्तविक शहर रह जाते हैं और छोटे शहरों को जिला बना दिया जाता है। राजस्थान में कई जिले तो इतने बड़े हैं कि वहां वास्तव में ही नए जिले बनाने की जरूरत है। जयपुर जिला आबादी और क्षेत्रफल के लिहाज से बहुत बड़ा है। जयपुर से हटाकर दौसा जिला बनाने के बाद भी जयपुर की आबादी तेजी से बढ़ी है। जयपुर जिला मुख्यालय से कोटपूतली की दूरी 100 किलोमीटर से भी अधिक है। वहीं शाहपुरा, फुलेरा भी जयपुर से दूर होने के साथ ही आबादी में भी बढ़ रहे हैं। जयपुर जिले में दिल्ली-जयपुर हाईवे पर स्थित कोटपूतली को जिला बनाने की मांग बहुत पुरानी है। यदि कोटपूतली नया जिला बनता है तो प्रशासनिक दृष्टि से बहुत ही उपयोगी साबित हो सकता है। कोटपूतली, बहरोड, नीम का थाना, शाहपुरा जैसे क्षेत्र के लोगों को बहुत सुविधा होगी। और सबसे बड़ी बात नीमकाथाना, उदयपुरवाटी के विधायकों का जिले को लेकर चल रहा झगड़ा भी समाप्त हो जाएगा। अजमेर जिले में ब्यावर को जिला बनाने की मांग बहुत पुरानी है और जायज भी है। इसी तरह जोधपुर जिले में फलौदी को नया जिला बनाया जाता है तो आसपास के दो तीन जिलों के क्षेत्र शामिल हो सकते हैं।

बाड़मेर, जैसलमेर जिलों का क्षेत्रफल आज भी बहुत बड़ा है। हालांकि जनसंख्या वहां कम हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित होने के कारण वहां भी नए जिले बनने से प्रशासनिक मजबूती मिल सकती है। नागौर जिले में डीडवाना व कुचामन सिटी को जिला बनाने की मांग की जा रही है जो सर्वथा उपयुक्त भी है। कुचामन सिटी एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन होने के साथ ही बड़ा शहर है जो शिक्षा नगरी के नाम से प्रसिद्ध है। यहां की आबादी करीबन ढ़ाई लाख से भी अधिक है। जो नागौर जिला मुख्यालय से ज्यादा है। भरतपुर जिले का बयाना शहर भी जिला बनने की दृष्टि से सर्वाधिक उपयुक्त है। पहले बयाना के नाम से लोकसभा सीट भी होती थी। श्री गंगानगर, हनुमानगढ़ जिलों के क्षेत्र को मिलाकर एक तीसरा नया जिला बनाया जा सकता है। भारत पाक सीमा पर स्थित होने के कारण नया जिला बनने से प्रशासनिक दृष्टि से बहुत उपयुक्त रहेगा। यदि राजस्थान सरकार नए जिलों के गठन में भौगोलिक दृष्टिकोण व व्यवहारिक पक्ष अपनाती है तो राजस्थान में सात से आठ नए जिलों का गठन किया जा सकता है। हालांकि चुनावी साल में किसी भी सरकार के लिए नए जिलों का गठन करना मधुमक्खियों के छत्ते को छेड़ने जैसा होता है। जिस क्षेत्र में नए जिलों के गठन की मांग पूरी नहीं होगी वहां की जनता का नाराज होना स्वाभाविक है। ऐसे में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वास्तव में नए जिलों का गठन करते हैं या सिर्फ बयानबाजी तक की सीमित रह जाते हैं।

इसका पता तो आने वाले कुछ महीनों में चल ही जाएगा। मगर चुनावी वर्ष में मुख्यमंत्री गहलोत के लिये किसी तरह की जोखिम उठाना मुश्किल ही लगता है।

## क्या ऋषि सुनक ब्रिटेन को चुनौतियों से उबार सकेंगे?

**ललित गर्ग**

**भारतीय** मूल के ऋषि सुनक एक नया इतिहास रचते हुए ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री की शपथ ले चुके हैं। उन्होंने पेनी मोरडॉन्ट को मात देते हुए जीत हासिल की है। कंजरवेटिव पार्टी का नेतृत्व करने की रेस ऋषि सुनक जीत चुके हैं। पार्टी ने उन्हें अपना नया नेता चुन लिया है। यह पहली बार हुआ है जब कोई भारतीय मूल का व्यक्ति ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बना है। हालांकि इससे ब्रिटेन पर छाए राजनीतिक और आर्थिक संकट के बादल कितने कम होंगे, यह भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन सुनक के बहाने यदि ब्रिटेन आर्थिक संकट से उबरने में सक्षम हो सका तो यह न केवल सुनक के लिये बल्कि भारत के लिये गर्व का विषय होगा। भले ही सुनक के सामने कई मुश्किल चुनौतियां और सवाल हैं, लेकिन उन्हें एक सूरज बनकर उन जटिल हालातों से ब्रिटेन को बाहर निकालना है। भारत में सुनक की जीत पर काफी खुशी मनाई जा रही है, यह दीपावली का विलक्षण एवं सुखद तोहफा इसलिये है कि भारत पर दो सौ वर्षों तक राज करने वाले ब्रिटेन पर अब भारतवंशी का राज होगा। सुनक के रूप में उस ब्रिटेन को भारतीय मूल का पहला प्रधानमंत्री मिलने से निश्चित ही भारत का गौरव दुनिया में बढ़ा है। 42 साल के सुनक आधुनिक दौर में ब्रिटेन के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं। किंग चार्ल्स तृतीय के ऑफिस ने उनके नाम पर मुहर लगा दी है। सुनक का ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनना इस मायने में भी बेहद अहम बात है कि ब्रिटेन में भारतीय मूल के लोग अल्पसंख्यक हैं। उनकी आबादी कम है। इसके बावजूद सुनक को ब्रिटेन में प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल गया है। एक और खास बात यह है कि सुनक को ऐसी पार्टी ने अपना नेता चुना है, जो रूढ़िवादी विचारों के लिए जानी जाती है। प्रवासी लोगों के लिए कंजर्वेटिव पार्टी का रुख उदार नहीं रहा है। दुनिया में बढ़ रही कट्टरता और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने की बढ़ती हरकतों के बीच ब्रिटेन और वहां की कंजर्वेटिव पार्टी ने जो फैसला किया है, वह दुनिया को एक नई राह दिखाएगा, यह उम्मीद की जानी चाहिए। यह दुनिया की बदलती सोच का भी परिचायक है, वही दुनिया में भारत की सर्व-स्वीकार्यता का भी द्योतक है।

ब्रिटेन गहरे आर्थिक संकट की ओर बढ़ता दिख रहा है। महंगाई 40 साल के उच्चतम स्तर पर है। बैंक ऑफ इंग्लैंड का अनुमान है कि इस साल इंफ्लेशन 11 प्रतिशत के ऊपर जा सकती है। ऋषि सुनक इससे पहले बोरिस जॉनसन सरकार में वित्त मंत्री रह चुके हैं। उनके मंत्री रहते ब्रिटेन में महंगाई 40 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। टैक्स भी बढ़ाए गए थे। जॉनसन मंत्रिमंडल से इस्तीफा देते हुए सुनक ने लिखा था कि कम टैक्स रेट और ऊंची ग्रोथ रेट वाली इकॉनमी तभी बनाई जा सकती है, जब ह्यहम कड़ी मेहनत करने, कुर्बानियां देने और कड़े फैसले करने को तैयार हों। मेरा मानना है कि जनता सच सुनने को तैयार है। आम-जनता को यह बताया जाना चाहिए कि बेहतरी का रास्ता है, लेकिन यह आसान नहीं है।ह्य सुनक ने तब जिस कड़ी मेहनत की बात की थी, वह अब उन्हें खुद करके दिखानी होगी। उनके पास जीये गये राजनीतिक कड़वे अनुभव है। उन अनुभवों से यदि वे ब्रिटेन की अर्थ-व्यवस्था को उबार सके तो यह समूची दुनिया के लिये एक रोशनी होगी।

निश्चित ही सुनक ने एक कांटों भरा ताज पहना है। ब्रिटेन की आर्थिक स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण है। इन असाधारण चुनौतियों से पार पाना सुनक की सबसे बड़ी अग्नि-परीक्षा है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था के आपूर्ति पक्ष में कमजोरी अब एक तत्काल चिंता का विषय है। जबकि उत्पादन इसकी पूर्व-कोविड प्रवृत्ति से 2.6 प्रतिशत से कम है। ऐसे में सकल घरेलू उत्पाद को अतिरिक्त 1.4 प्रतिशत की दर से बढ़ाना होगा। अर्थव्यवस्था के सामने व्यापार की शर्तें भी बड़ी चुनौती है। आने वाले दिनों में इससे घरेलू और कॉर्पोरेट दोनों क्षेत्रों पर असर पड़ेगा। आर्थिक रूप से कमजोर लोग इससे और परेशान हो सकते हैं। प्रमुख नीतिगत सवाल यह है कि इस नुकसान को कैसे आवंटित किया जाए। मांग गिरने से निकट भविष्य में बेरोजगारी बढ़ने की आशंका है। भविष्य में बढ़ने वाली बेरोजगारी पर काबू पाना एवं बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करना भी आसान नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, 2023 तक महंगाई उच्च स्तर पर पहुंच सकती है, जिससे निपटना चुनौतीपूर्ण होगा। एक तरफ खुदरा महंगाई दर दोहरे अंकों में होने से जीवनयापन का संकट है। दूसरी ओर रुकी हुई आर्थिक वृद्धि की समस्या है, जो बदले में कम राजस्व और उच्च ऋण की ओर ले जाती है। अब अगर सरकार मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए खर्च पर अंकुश लगाती है, तो यह आर्थिक विकास को और नीचे ले जाएगी। आईएफएस की रिपोर्ट कहती है कि यह किसी भी ब्रिटिश नीति निमार्ता के लिए सबसे अधिक चिंताजनक है।

इन आर्थिक चुनौतियों के साथ-साथ ऋषि सुनक के सामने सबसे पहली राजनीतिक चुनौती तो यही है कि उन्हें साबित करना है कि वह पार्टी को नियंत्रित कर सकते हैं। कंजरवेटिव पार्टी के पास संसद में बहुमत है लेकिन वह ब्रेग्जिट समेत तमाम मुद्दों पर बंटी हुई है। ऐसे में पार्टी को एक करना भी एक चुनौती है। आने वाले दिनों में पार्टी के ही कुछ लोगों द्वारा हाई टैक्स का विरोध किया जा सकता है।

## मोदी जी, आपको रोजगार की याद तो आई!

**डॉ. दीपक पाचपोर**

**सभी** जानते हैं कि देश की आजादी का एक प्रमुख उद्देश्य हर हाथ को काम देकर उनका आर्थिक सशक्तिकरण करना था। लम्बे समय तक विभिन्न सरकारों ने इसे अपने एजेंडों की फेहरिस्त में टॉप पर रखा था। 8 साल पहले जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनकर आये तो उन्होंने रोजगार की अवधारणा को न केवल बदल दिया बल्कि लोगों को बतलाया कि उन्हें नौकरी जैसी तुच्छ बातों में नहीं पड़ना चाहिये। बड़ी संख्या में उनके प्रशंसकों, छात्रों, नौजवानों, भारतीय जनता पार्टी के असंख्य सदस्यों एवं मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों को भी नयी अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई कि रोजगार केवल नौकरी नहीं है। स्टार्ट अप, आत्मनिर्भर भारत जैसे नारों से प्रभावित लोगों को भी भाजपा सरकार के कथन व सिद्धांतों पर भरोसा हुआ।मोदीने भरोसा दिलाया कि भारत की क्षमता विश्व गुरु बनने की है, दुनिया को राह दिखाने की है और 5 ट्रिलियन इकानॉमी की अवधारणा में नौकरी जैसी छोटी-मोटी बात आड़े नहीं आनी चाहिये। जनता ने भी इन गौण मुद्दों की चिंताओं से मुक्त कर उन्हें इस बात की खुली छूट दी कि महान लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये आऊट सोर्सिंग, अंधाधुंध निजीकरण, बेछूट विदेशी निवेश, सार्वजनिक व थोक में नौकरियां देने वाले उपक्रमों की धड़ाधड़ बिक्री या उनमें विनिवेश जैसे जो भी तरीके वे अपनाना चाहें, देश उनके साथ है। मोदी ने ही 2014 के पहले हर हाथ को काम देने की बात कही थी, हर साल 2 करोड़ नौकरियां मुहैया कराने का वचन दिया था।

# उल्लास से मनी दीवाली, दुलहन की तरह सजा रहा चित्रकूट





**अखंड भारत संदेश**


**चित्रकूट।** विश्व विख्यात तीर्थ क्षेत्र में दीपावली पर्व धूमधाम व उल्लासपूर्ण ढंग से मनाया गया। नगरवासियों ने आतिशबाजी में लाखों रुपए फूंक दिये। दीपक व विद्युतीय सजावट से लोगों कक घर व मठ-मन्दिर रात भर जगमगाते रहे। क्षेत्र के बुद्धिजीवी व धर्मपरायण लोगों ने मन्दाकिनी में दीपदान किया।

हिन्दू धर्म क९ सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्वों में से एक दीपावली पर्व जिले में धूमधाम से मनाया गया। शहर क्षेत्र के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में व्यापारियों ने गणेश-लक्ष्मी की नयी मूर्तियां रखकर पूजा की। व्यापारियों ने पुराने बही खातों को बन्द कर नये बही खातों का शुभारम्भ किया। शाम होते ही नगर का कोना-कोना दीपक व विद्युतीय सजावट की रोशनी से नहाया हुआ नजर आ रहा था। घरों की छतों पर व बाहर दीपक, मोमबत्ती व विद्युत झालरों से शानदार सजावट की थी। शहरी क्षेत्र किसी नयी-नवेली दुलहन की भांति सजा नजर आ रहा था। त्यच्च्हार की खुशी जताने को आतिशबाजी पर लोगों ने लाखों रुपए फूंक दिये। तेज आवाज वाले महंगे पटाखों के भयानक विस्फोट आधी रात तक गूंजते रहक। वहीं अनार, फुलझड़ी व राकेटों की रोशनी से छोटे आनन्दित होते रहे। दीपावली पर पूर्व सांसद भ्च्च्रों प्रसाद मिश्रा, पूर्व सांसद बालकुमार सिंह पटेल, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, पूर्व जिला पोाायत अध्यक्ष शिवशंकर लाल सिंह यादव, बसपा पूर्व जिलाध्यक्ष रामलखन निषाद, डॉ सुरेन्द्र अग्रवाल आदि ने मन्दाकिनी नदी पर दीपदान किया। रामघाट स्थित भरत मन्दिर व गोरखारी मन्दिर समेत सभी मन्दिरों में कतारबद्ध दिये जगमगाते रहे।

ये दृश्य देखने को विभिन्न प्रान्तों के लाखों श्रद्धालु रामघाट पर देर रात तक मौजूद रहे। मऊ-मानिकपुर व राजापुर तथा पहाड़ी प्रतिनिधियों कक अनुसार कस्बे में दीपावली पर्व परम्परागत ढंग से मनाया गया। किसानों ने कृषि यंत्रों की पूजा की, वहीं व्यापारियों ने दुकानों की सफाई कर गणेश-लक्ष्मी की पूजा किया। छोटे बच्चों ने पटाखों छुड़ा कर आनन्द उठाया। दीपावली पर्व पर तीर्थक्षेत्र आये लाखों श्रद्धालु दीपदान व कामतानाथ की परिक्रमा के बाद ट्रेनों, बसों व निजी वाहनों

# फिल्म अभिनेता के नाम के गधे बने आकर्षण का केन्द्र

## साठ से 90 हजार रुपए तक बिके गधे-खच्चर



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** देश के गिने-चुने स्थानों पर लगने वाला गधों एवं खच्चरों का मेला इस बार भी परम्परागत ढंग से नया गांव सतना क्षेत्र में मन्दाकिनी तट पर लगा। मेला में शाहरूख, सलमान, आमिर व जान नामक गधों की खूब मांग रही। इस बार मादा गधों व नर खच्चरों की खासी मांग रही। नर खच्चर आठ से पन्द्रह हजार रुपए बिके, तो घोड़ा 60 से 90 हजार रुपए में लोगों ने खरीदें।

बुधवार को गधा मेला में इस वर्ष लगभग दस हजार गधे एवं खच्चरों को लेकर सौदागर फतेहपुर, लखनऊ, ग्वालियर, सागर, पन्ना, मथुरा, धौलपुर, पट्टी प्रतापगढ़, रायबरेली व ऊाहार से आये। इस मेले में सबसे खास बात होती है कि सौदागर अपने जानवरों को यहां दो दिन पहले तो बाजार में ले आते है, लेकिन सौदेबाजी परीवा के ही दिन करते है। इस दिन को सौदागर व जानवरों के मालिक खासतौर पर शुभ मानते है। उल्लेखनीय बात यह है कि गधों का यह मेला देश में उज्जैन, धौलपुर व चित्रकूट में ऐतिहासिक माना जाता है। लेकिन बदलते समय तथा जरूरत के चलते अब यह मेला अन्य स्थानों पर भी लगने लगा है। मन्दाकिनी तट पर इन जानवरों की सौदेबाजी का अन्दाज भी खासा जुदा है। यह लोग परम्परागत ढंग से मन्दाकिनी का जल हाथ में लेकर व एक रुपए का सिक्का कपड़े में छुपाकर परीवा को दिनभर सौदा पक्का करते रहते है।

परीवा के दिन जानवरों को खूंटे से खोलकर नये सौदे के मुताबिक खरीददार अपने गन्तव्य को ले जाते देखे गये। मेला में कुछ अवांछनीय तत्व भी नजर आये, जो सौदागरों को गुमराह कर उनसे अपना उल्लू सीधा करते रहे। नगर पोंयत नया गांव से मप्र से इस सौदेबाजी केन्द्र का प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी ठेका हुआ था। यहां लोग निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि खरीददारों व सौदागरों से वसूल करते देखे गये। मेला में आज फतेहपुर को ललोली को श्यामलाल के खच्चर का सौदा पन्द्रह हजार रुपए में हुआ। मेले में फिल्म अभिनेताओं क९ नाम कक खच्चरों की खासी मांग रही। शाहरूख, सलमान, आमिर व जान नामक गधों को देखने को भी भीड़ लगी रही।

हालांकि मेला में इस बार राजस्थानी तथा पूर्वांचल क९ मादा गधों व नर खच्चरों की खासी मांग देखी गयी। गधों के स्थानीय व्यापारी ने बताया कि मेले में गधा और गधी की शादी का भी रिवाज है। यह मेला ऐतिहासिक है, जो देश के गिने-चुने गधा मेलों में शुमार है। इस मेला का गधा व खच्चरों के खरीददार वर्ष भर इंतजार करते हैं। यह मेला मुगल शासक औरंगजेब के जमाने से लगता चला आ रहा है।

# नौ जुआरी-दो गांजा तस्कर भेजे गये जेल




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर कोतवाली कर्वी के दरोगा रामआधार सिंह की टीम ने ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाते रंगेहाथ नौ जुआरियों को दबोाकर ोाालान किया है।

बुधवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा रामआधार सिंह की टीम ने कालूपुर गांव में ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाते राजकुमार गुप्ता निवासी एसडीएम कालोनी, मनोज गुप्ता निवासी कोलगदहिया, पिन्टू गुप्ता निवासी एसडीएम कालोनी, अवधेश निवासी ट्राफिक ौराहा कर्वी को माल फड से 3150 रुपये व ताश के 52 पत्ते तथा जामा तलाशी में 2570 रुपये बरामद कर ोाालान किया है। पुलिस टीम ने गेस्ट हाउस के पास बने प्रतीक्षालय के पीछे कालूपुर से ही कल्लू उर्फ मनोज यादव, सुनील कुमार, विनय पाण्डेय, मुकेश कुमार तिवारी निवासी कालूपुर पाही को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से मालफड से 22 सौ रुपये, ताश के पत्ते व जामा तलाशी 1410 रुपये बरामद कर ोाालान किया है। पुलिस टीम में दरोगा रामआधार सिंह, सिपाही दीपांकर सिंह, रोहित यादव, गोलू भार्गव, प्रवीण पाण्डेय, धीरेन्द्र किशोर शामिल रहे।

इसी क्रम में सीतापुर ौकी प्रभारी प्रवीण सिंह की टीम ने अनुराग सोनी उर्फ आदित्य पुत्र किशन सोनी निवासी मोोियाना मोहल्ला जिला बांदा को एक किलो पोा सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सरधुआ थाना के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने श्यामबाबू पुत्र राजनारायण निवासी हस्ता बांगर के कब्जे से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद कर जेल भेजा है।

## कमल ज्योति दीपोत्सव सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** काशीराम नगर लोढवारा कालोनी वार्ड सात में भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम गुप्ता की अध्यक्षता में कमल ज्योति दीपोत्सव कार्यक्रम हुआ।

बुधवार को भगवान श्रीराम के लंका में विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या आने की खुशी में अयोध्या वासियों ने घी के दीपक जलाकर खुशियां मनाई थी। इसी उपलक्ष्य में दीपावली परम्परागत ढंग से सभी लोग मनाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अयोध्या में दीपोत्सव को सफल बनाने को काशीराम कालोनी वार्ड सात में कार्यक्रम संयोजक राधेश्याम गुप्ता की अगुवाई में दीपोत्सव कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ पिछडा वर्ग आयोग सदस्य रामरतन प्रजापति भी मौजूद रहे।

इस मौके पर भाजपा पूर्व जिला महामंत्री तेजप्रताप सिंह, जिला मंत्री प्रेमलाल बाल्मीकि, मंडल महामंत्री जानकीशरण तिवारी, वार्ड संयोजक रमाकान्त, बूथ अध्यक्ष प्रेमप्रकाश, रुपेश द्विवेदी, गयाप्रसाद प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# जर्मनी की टीम ने क्षेत्र भ्रमण कर देखे पहाड़



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीपावली अमावस्या मेला के मौके पर जर्मनी के मिस्टर हंस अपने 13 सदस्यीय टीम के साथ मोटरबाइक राजदूत से भारत भ्रमण पर निकले हैं। वह टीम के साथ चित्रकूट में भगवान कामतानाथ के दर्शन किये।

बुधवार को मिस्टर हंस ने बातोीत में बताया कि भगवान राम के 14 वर्ष वनवास के स्थान चित्रकूट में बेहद गर्व महसूस हो रहा है। यहां के सौन्दर्य एवं पर्यावरण छटा को देखकर भावविभोर हैं। टीम के सदस्यों ने कहा कि चित्रकूट उन्हें बहुत सुन्दर लगा। हनुमान धारा, सती अनुसुइया, रामघाट व कामतानाथ परिक्रमा देखकर वे दंग रह गये। सारी दुनिया के लोग तीर्थस्थलों को देखना पसंद करते हैं। पर्यटन की दृष्टि से देखा जाये तो यहां की जलधारा अमृत समान है।

यहां की जलधारा में जडीबूटियों का समावेश है। भारत सरकार यहां से बहुत जल्द हवाई सेवा शुरू कराने वाली है, ताकि विदेशी पर्यटक सीधे चित्रकूट की धार्मिक धरा में उतर सकें। यहां की धार्मिक कलाकृतियों और विलक्षण, हस्तशिल्पियों को देख सकें। हवाई सेवा शुरू होने से क्षेत्र को एक बडा पर्यटन बाजार उपलब्ध होगा।

# चित्रकूट दर्शन को आ रहे युवक की हादसे में मृत्यु




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परिवार के साथ मोटरबाइक से दीपावली पर्व पर कामतानाथ के दर्शन करने आ रहे युवक की हादसे में मृत्यु हो गई। बडा भाई घायल हो गया है। पुलिस ने शव का पोानामा कर पोस्टमार्टम को मोोरी भेजा है।

ये हादसा रैपुरा थाना क्षेत्र के भौंरी गांव में देर रात हुआ। बताया गया कि मप्र के रीवां जिले के जनेह थाना क्षेत्र के डोंडकिया गांव का लाल साहब (18) पुत्र कमलाकर आरख अपने चचेरे भाई सूर्या (20) पुत्र रामनरेश व अन्य परिजनों के साथ मोटरबाइकों से दीपावली मेले में कामतानाथ दर्शन को आ रहे थे। अचानक सामने से ट्रक की लाइट आंखों में पडने से बाइक बेकाबू होकर फिसल गई। इससे दोनों लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। पीछे से आ रहे उमेश ने पुलिस को सूना दी।

दोनों घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल लाते समय रास्ते में लाल साहब की मृत्यु हो गई। घायल बडे भाई को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतक राजकोट में फैक्टरी में काम करता था। रविवार को सवेरे घर आने के बाद परिजनों के साथ चित्रकूट आ रहा था।

# हरियाणा स्टीलर्स जीत की पटरी पर लौटे, तेलुगू टाइटंस को 19 अंक से हराया

**बेंगलुरू।** लगातार चार हार से बेदम हरियाणा स्टीलर्स ने अपने खेल का स्तर ऊंचा करते हुए कांतीरवा इंडोर स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सीजन के 39वें मुकाबले में तेलुगू टाइटंस को 43-24 के अंतर से हरा दिया। दोनों टीमों का यह सातवां मैच था। हरियाणा को तीन में जीत और चार में हार मिली है जबकि टाइटंस को एक में जीत और छह में हार मिली है।

इस जीत ने हरियाणा को अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंचा दिया है। हरियाणा के लिए मीतू (13) ने सुपर-10 पूरा किया। डिफेंस ने भी कुल 13 अंक लिए। टाइटंस के डिफेंस ने भी 11 अंक लिए। सिद्धार्थ देसाई (5) सबसे सफल रेडर रहे। पांच मिनट के बाद स्कोर 4-4 था। दोनों टीमों के रेडर्स लगातार अंक ले रहे थे। डिफेंस का खाता भी नहीं खुला था। मंजीत ने हालांकि मैच के पहले मल्टी प्वाइंट रेड के साथ स्कोर 6-4 कर दिया। फिर 4 के डिफेंस में मीतू ने मोनू को आउट कर टाइटंस को सुपर टैकल की स्थिति में डाल दिया। फिर बस्तामी ने आदर्श को टैकल कर मैच में डिफेंस को पहली सफलता दिलाई। हरियाणा के डिफेंस ने इसके बाद देसाई को लपक टाइटंस को 9 मिनट में ऑल आउट कर 12-6 की लीड ले ली। टैकल के दौरान विनय को चोट लगी। उन्हें स्ट्रेचर पर बाहर



ले जाया गया। हरियाणा का डिफेंस अब चल पड़ा था। उसने लगातार चार अंकों के साथ 16-7 की लीड ले ली। टाइटंस के लिए सुपर टैकल आन था। 2 के डिफेंस में विजय ने मीतू को सुपर टैकल कर दो अंक दिला दिए। टाइटंस हालांकि अधिक देर तक ऑल आउट नही बचा सके। मीतू ने दो का शिकार कर इसे अंजाम दिया। बीते 10 मिनट में 19 अंक लेकर हरियाणा ने 24-11 के साथ पहला हाफ समाप्त किया। टाइटंस का डिफेंस अब अच्छा करने लगा था। उसने ब्रेक के बाद डू ओर डाई रेड पर प्रपंजन को लपक लिया। फिर डू ओर डाई रेड पर आदर्श ने दो अंक लेकर स्कोर 16-26 कर दिया। हरियाणा ने हालांकि इसके बाद लगातार तीन अंकों के साथ स्कोर डिफरेंस 13 का कर लिया। टाइटंस डू ओर डाई पर खेलना चाह रहे थे और मीतू को लपक टाइटंस ने 1 अंक हासिल किया।

इसके बाद सिद्धार्थ देसाई ने बोनस लेकर फासला 11 अंकों का कर दिया। प्रपंजन ने हालांकि अगली रेड पर मोहित का शिकार कर लिया। देसाई ने हालांकि अगली रेड पर फिर अंक लिया। मीतू अपनी अगली रेड पर डिफेंस को छकाकर दो अंक लेकर गए। फिर हरियाणा के डिफेंस ने देसाई को भी लपक लिया। अब टाइटंस के लिए सुपर टैकल आन था।मीतू को सुपर टैकल कर नितिन ने टाइटंस को 2 अंक दिलाए। टाइटंस को यहां से कुछ बड़ा करने की जरूरत थी क्योंकि समय फिसला जा रहा था।

इसी बीच, हरियाणा ने टाइटंस को तीसरी बार ऑल आउट कर 38-21 अंक की लीड ले ली। यहां से स्टीलर्स की जीत तय हो गई थी। मैच के अंतिम पलों में मीतू ने सुपर रेड के साथ सुपर-10 पूरा किया।

# टी20 विश्व कप: भारतीय टीम ने लंच के बायकॉट के बाद प्रैक्टिस से किया इंकार

**मेलबर्न।** गुरुवार को नीदरलैंड के खिलाफ टीम के दूसरे टी20 विश्व कप 2022 मुकाबले से पहले भारतीय खेमे में विवाद खड़ा हो गया है। पहले कड़े अभ्यास के बाद 'अपर्याप्त' भोजन मेनू और ठंडे सैंडविच को लेकर भारतीय टीम ने आपत्ति जताई थी जबकि अब अभ्यास सत्र ज्यादा दूर होने के कारण ट्रेनिंग से इंकार कर दिया है। जानकारी के मुताबिक भारतीय टीम को ट्रेनिंग के लिए जो ग्राउंड उपलब्ध करवाया गया था वह टीम के होटल से 42 किलोमीटर दूर था। भारतीय टीम ने सिडनी में आवंटित अभ्यास स्थल पर जाने से इनकार कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक सिडनी के उपनगरीय इलाके ब्लैकटाउन में अभ्यास स्थल की पेशकश के बाद टीम ने अभ्यास सत्र नहीं करने का फैसला लिया। यह स्थल टीम होटल से लगभग 45 मिनट की दूरी पर था, जिसके कारण टीम ने अभ्यास सत्र के लिए वहां जाने से इनकार कर दिया। इस बात की जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों का हवाला एक एक न्यूज एजेंसी ने साझा की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रस्तावित अभ्यास स्थल सिडनी में उनके आवास से 42 किलोमीटर दूर था।

इससे पहले टीम सिडनी में अभ्यास के बाद भारतीय टीम भोजन के मेनू से नाखुश थी। उन्हें परोसे जाने वाले मेनू में फल, फलाफेल और कस्टम 'कोल्ड' सैंडविच शामिल थे। मेनू में गर्म भोजन शामिल नहीं करने पर टीम खुश नहीं थी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'टीम इंडिया को जो खाना दिया गया वह अच्छा नहीं था। उन्हें सिर्फ सैंडविच दिया गया और उन्होंने आईसीसी को भी बताया कि सिडनी में अभ्यास सत्र के बाद दिया गया खाना ठंडा था



और अच्छा नहीं था।' खाने में सैंडविच ग्रील्ड भी नहीं थे और इसमें एवोकैडो, टमाटर और ककड़ी शामिल थे। सूत्र ने कहा कि भारत के खिलाड़ियों के लिए दो घंटे के प्रशिक्षण के बाद ऐसा भोजन नहीं खा सकते। हालांकि इसके बाद टीम ने होटल जाकर खाना खाया।

# पुनेरी पल्टन की लगातार चौथी जीत, टेबल टॉपर जयपुर पिंक पैंथर्स को 8 अंक से हराया

**बेंगलुरू।** असलम इनामदार (13) और मोहित (6) के प्रभावशाली खेल की बदौलत पुनेरी पल्टन ने कांतीरवा इंडोर स्टेडियम में खेले गए वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सीजन के 38वें मुकाबले में जयपुर पिंक पैंथर्स को 32-24 के अंतर से हरा दिया। दोनों टीमों का यह सातवां मैच था। पहले सीजन के चैंपियन जयपुर की टीम 7 में से 5 मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर है जबकि पल्टन चार जीत, दो हार और 1 टाई के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है। पल्टन की लगातार चौथी जीत में कप्तान फजल अतराचली की आन फील्ड रणनीति की अहम भूमिका रही पल्टन ने जयपुर के स्टार रेडर अर्जुन देसवाल (7) को खुलकर नहीं खेलने दिया। इसी तरह पल्टन के डिफेंस ने सात टैकल प्वाइंट्स के साथ राहुल चौधरी (5) पर भी लगाम लगाए रखते हुए जयपुर को लगातार छठी जीत से रोक दिया। रेड में 8 के बदले 11 अंक लेकर पल्टन ने हाफ टाइम तक 17-11 की लीड बना रखी थी। असलम और मोहित ने जयपुर के डिफेंस को लगातार परेशान किया। इन दोनों ने तो साहुल का पांच बार शिकार किया। टैकल में इस हाफ में दोनों टीमों को 2-2 अंक मिले। पहली पारी के अंतिम पलों में पल्टन ने जयपुर को ऑल आउट कर अपनी लीड 6 की कर ली।

## दुनिया के 'सबसे गंदे शख्स' की मौत: 50 साल बाद नहाया तो जान गई, सफाई से बीमार होने का डर था

**तेहरान।** दुनिया के 'सबसे गंदे आदमी' का अनौपचारिक रिकॉर्ड अपने नाम रखने वाले अमौ हाजी का 94 साल की उम्र में निधन हो गया है। हमेशा एकांत में रहने वाले हाजी ईरान के फार्स प्रांत से थे। वे करीब 50 साल से बिना नहाए रह रहे थे। उन्होंने कुछ महीने पहले ही साबुन और पानी का इस्तेमाल कर नहाया, जिसके बाद उनकी मौत हो गई।

**नहाने से बीमार होने का डर था-** जानकारी के मुताबिक, हाजी को नहाने से डर लगता था। उनका मानना था कि वे नहाने से बीमार पड़ सकते हैं। आसपास के लोग अक्सर उन पर साफ होने का दबाव बनाते थे, जिससे वे उदास हो जाते थे। 2014 में तेहरान टाइम्स से बातचीत के दौरान हाजी ने बताया था कि वे एक गड्ढे में ईंटों से बनाई झोपड़ी में रहते हैं।

**सड़ा मांस, धूम्रपान पसंद था-** रिपोर्ट के अनुसार, इतने लंबे समय तक न नहाने की वजह से हाजी की त्वचा काली पड़ चुकी थी।



साथ ही उनके खाने में सिर्फ सड़ा हुआ मांस और गंदा पानी शामिल था। उनका पसंदीदा खाना पॉर्क्यूपाइन मीट था। उन्हें धूम्रपान की लत भी लगी थी। कई पुरानी तस्वीरों में उन्हें सिगरेट पीते हुए भी देखा जा सकता है। वे जानवरों के मल से भरे पाइप से धूम्रपान भी करते थे।

**स्थानीय ग्रामीणों ने बनाया दबाव**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो स्थानीय ग्रामीण हाजी पर नहाने के लिए दबाव बनाते रहते थे, लेकिन वे हर बार इनकार कर देते थे। हालांकि, इस बार गांव वालों ने उन्हें जबरन ही बाथरूम ले जाकर नहला दिया। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। वो इतनी गंभीर स्थिति में पहुंच गए कि बीते दिनों उनकी मौत हो गई।

**हाजी की जिंदगी पर बनी डॉक्यूमेंट्री**

ईरानी मीडिया के मुताबिक, 2013 में हाजी के जीवन के ऊपर ÷द स्ट्रेंज लाइफ ऑफ अमौ हाजी÷ नामक एक शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी बनाई गई थी। डॉक्यूमेंट्री में दिखाया गया था कि अमौ हाजी अपनी रोजमर्रा की जिंदगी कैसे जीते हैं।

## यदि रूस यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करता है, तो यह उसकी भारी भूल होगी : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस को यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि यह ''अत्यंत गंभीर गलती' होगी। बाइडन प्रशासन ने पहले कहा था कि रूस ने नोटिस दिया है कि उसका अपनी परमाणु क्षमताओं का नियमित अभ्यास करने का इरादा है।

इससे पहले, यूक्रेन की परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने रूस के इस दावे को खारिज किया कि कीव रेडियोधर्मी उपकरण तथाकथित 'डर्टी बम' के जरिए उसे उकसाने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेन ने कहा कि रूसी सेना अपने कब्जे वाले यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र में गुप्त रूप से निर्माण कार्य कर रही है और अपनी गतिविधि से ध्यान हटाने के लिए वह यूक्रेन पर आरोप लगा रही



है। बाइडन ने संवाददाताओं से कहा, ''मैं यह कहना चाहता हूं: यदि रूस सामरिक परमाणु हथियार का इस्तेमाल करता है, तो यह अत्यंत गंभीर गलती होगी।'' अमेरिका के राष्ट्रपति से सवाल किया गया था कि क्या रूस ''डर्टी बम'' या परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रहा है।

बाइडन ने कहा, ''मैं आपको इस बात की गारंटी नहीं देता हूं कि यह वास्तविकता को छुपाने के लिए चलाया गया कोई अभियान है या नहीं। मुझे नहीं पता, लेकिन यह बड़ी भूल होगी।'' व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन ज्यां पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपनी बात स्पष्ट रूप से कही। उन्होंने कहा, ''उन्होंने आज फिर से यह कहा। यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करना रूस की बड़ी गलती होगी और इसके गंभीर परिणाम होंगे। जहां तक 'डर्टी बम' के संभावित इस्तेमाल की बात है, तो देखिए, रूस साफ तौर पर झूठे आरोप लगा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हमें इसे गंभीरता से लेना चाहिए... हमने अतीत में भी रूस को आरोप लगाने की आड़ में उकसावे की कार्रवाई करते देखा है।'' पियरे ने कहा कि

> *इससे पहले, यूक्रेन की परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने रूस के इस दावे को खारिज किया कि कीव रेडियोधर्मी उपकरण तथाकथित 'डर्टी बम' के जरिए उसे उकसाने की कोशिश कर रहा है।*

अमेरिका ने रूस को इस दिशा में कोई तैयारी करते नहीं पाया है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि वह हालात की''अत्यंत निकटता'' से निगरानी करना जारी रखेगा।''

## यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए जर्मनी और ईयू ने नई मार्शल योजना पर शुरू किया काम

**बर्लिन।** रूस के लगातार हमलों की मार झेल रहे यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए जर्मनी और यूरोपीय संघ (ईयू) के नेताओं ने नई मार्शल योजना पर काम करना शुरू किया है। मार्शल योजना अमेरिका द्वारा प्रायोजित पहल थी, जिसने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पश्चिमी यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को पुनर्जीवित करने में मदद की।

जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि बर्लिन में आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन के दौरान इस पर चर्चा की गई कि आने वाले वर्षों और दशकों में यूक्रेन के पुनर्निर्माण एवं आधुनिकीकरण के वित्तपोषण को कैसे सुनिश्चित किया जाए और कैसे बरकरार रखा जाए। शोल्ज ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन के साथ बैठक




की सह-मेजबानी की।

इस मौके पर चांसलर ने कहा कि वह 21वीं सदी के लिए एक नई मार्शल योजना बनाने के पक्ष में हैं, लंबे समय तक चलने वाला एक ऐसा कार्य, जो अभी शुरू होना चाहिए। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि विश्व बैंक ने यूक्रेन को रूस के हमले के बाद से अब तक 345 अरब डॉलर का नुकसान होने का अनुमान लगाया है। यूरोपीय संघ ने जून में यूक्रेन को ईयू में शामिल होने के लिए एक उम्मीदवार बनाने का फैसला किया था और यूरोपीय संघ से जुड़ने की कवायद के हिस्से के रूप में यूक्रेन के पुनर्निर्माण संबंधी प्रयासों को मजबूती देने की आवश्यकता है।

कीव से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सम्मेलन से जुड़े यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन में अस्पतालों, स्कूलों, परिवहन और ऊर्जा के बुनियादी ढांचे और अन्य संरचनाओं को हुए नुकसान की मरम्मत के लिए 17 करोड़ डॉलर की फास्ट रिकवरी योजना है। अभी तक हमें इस योजना के कार्यान्वयन के लिए कोई भी धन नहीं मिला है।

## हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक बिजनेस टॉयकून जिमी लाई धोखाधड़ी के दोषी करार

**हांगकांग।** हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक प्रकाशक व बिजनेस टॉयकून जिमी लाई को पट्टे (लीज़) संबंधी नियमों के उल्लंघन से जुड़े धोखाधड़ी के दो मामलों में दोषी पाया गया है। जिमी लाई को उनकी पिछली सक्रियता के लिए दंडित करने के उद्देश्य से उन पर यह आरोप लगाए गए हैं।वर्ष 2019 में हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के तहत व्यापक स्तर पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद बीजिंग द्वारा लगाए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत लाई को गिरफ्तार किया गया था।जिमी लाई पहले से ही अनधिकृत सभाओं



में अपनी भूमिका के लिए 20 महीने की सजा काट रहे हैं। उनकी मीडिया कंपनी 'नेक्स्ट डिजिटल' ने अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली', हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक आखिरी अखबार को प्रकाशित किया था। लाई के सहयोगी वोंग वाई कुयेंग को भी मंगलवार को धोखाधड़ी के मामले में दोषी करार दिया गया।

## भारत दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण टीका निर्माता: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** वैश्विक कोवड-19 महामारी के खिलाफ टीकों की आपूर्ति में भारत की अहम भूमिका को स्वीकारते हुए अमेरिका ने कहा है कि वह (भारत) दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण टीका निर्माता है। व्हाइट हाउस के कोरोना वायरस प्रतिक्रिया समन्वयक डॉ. आशीष झा ने यहां मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, ''अपनी अभूतपूर्व निर्माण क्षमता के कारण देश (भारत) एक प्रमुख टीका निर्यातक बन गया है।'' एक सवाल के जवाब में डॉ. झा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच रणनीतिक सुरक्षा वार्ता, क्वाड की कोरोना वायरस पर साझेदारी जो बाइडन प्रशासन के लिए अहम थी। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन



में कहा, ''मुझे लगता है कि भारत दुनिया के लिए टीकों का एक महत्वपूर्ण निर्माता है। मेरा मतलब सिर्फ भारत के लिए ही नहीं है, यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण बात है।'' दुनिया को टीकों की आपूर्ति करने के बाइडन प्रशासन के फैसले का बचाव करते हुए, डॉ. झा ने कहा कि अमेरिका उन्हें हर निम्न और कई निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों के लिए उपलब्ध कराना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, ''लगभग 100 ऐसे देश हैं जो कोवैक्स के माध्यम से मुफ्त टीके प्राप्त करने के योग्य हैं - जहां हम अब भी दान के लिए उपलब्ध टीके उपलब्ध कराते हैं।'' झा ने दावा किया कि बाइडन ने वैश्विक स्वास्थ्य पर अमेरिकी नेतृत्व को इस तरह से बहाल किया है जो ''पूर्व राष्ट्रपति से बहुत अलग'' है। उन्होंने कहा, ''यह बहुत महत्वपूर्ण है कि अमेरिका नेतृत्व करना जारी रखे, अमेरिकियों और दुनिया की बेहतर सुरक्षा के लिए यह एक छोटा सा निवेश है।''

## गूगल ने कहा- उपयोगकताओं और डेवलपरों के लिए हमारी प्रतिबद्धता बरकरार

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी इंटरनेट सर्च इंजन कंपनी गूगल ने कहा कि उपयोगकताओं और डेवलपरों के लिए उसकी प्रतिबद्धता बनी हुई है। वह भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के फैसले की समीक्षा कर रही है, जिसके बाद आगे के कदमों पर विचार करेगी। दरअसल सीसीआई ने एक दिन पहले गूगल पर 936.44 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया था। गूगल ने सीसीआई के आदेश के बाद बुधवार को जारी आधिकारिक प्रतिक्रिया में कहा कि उपयोगकताओं और डेवलपरों के लिए उसकी प्रतिबद्धता बनी हुई है। वह सीसीआई के फैसले की समीक्षा कर रही है, जिसके बाद आगे के कदमों पर विचार करेगी। सीसीआई ने गूगल पर यह जुमार्ना प्ले स्टोर की नीतियों के संबंध में अनुचित व्यापार के लिए लगाया है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि हमने कीमतों को कम रखा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## सुनक मंत्रिमंडल में सात महिलाएं, भारतीयों के खिलाफ बोलने वाली भारतवंशी को बनाया गृह मंत्री

**लंदन।** ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सत्ता संचालन के लिए अपने मंत्रिमंडल का एलान कर दिया है। सुनक मंत्रिमंडल में सात महिलाओं ने स्थान पाया है। बीते दिनों लिज ट्रस के मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने वाली सुएला ब्रेवरमैन को पुनः गृह मंत्री बनाया गया है। भारतवंशी सुएला पिछले दिनों भारतीयों के खिलाफ बोलने के लिए भी चर्चा में आई थीं।

ऋषि सुनक ने अपने मंत्रिमंडल में कुल 30 लोगों को शामिल किया है, जिनमें से सात महिलाएं हैं। भारतवंशी सुएला ब्रेवरमैन को सुनक द्वारा पुनः गृह मंत्री बनाए जाने पर तमाम चर्चाएं हो रही हैं।

दरअसल सितंबर में प्रधानमंत्री



बनी लिज ट्रस ने भी सुएला को गृह मंत्री बनाया था, किन्तु पिछले बुधवार को उन्होंने अपने एक बयान को लेकर उठे विवाद के बाद इस्तीफा दे दिया था। अब एक सप्ताह के भीतर सुएला दोबारा ब्रिटेन की गृह मंत्री बन गयी हैं। अपने इस्तीफे में सुएला ने मंत्री पद की गोपनीयता भंग करने की बात स्वीकार करने के साथ ही तत्कालीन प्रधानमंत्री लिज ट्रस की आलोचना की थी। अब एक बार फिर सुएला पर ब्रिटेन की सीमाओं की सुरक्षा, पुलिस व्यवस्था और आतंकवाद पर लगाम कसने की जिम्मेदारी होगी। सुनक ने अपने मंत्रिमंडल में प्रधानमंत्री पद के चुनाव में अपनी प्रतिद्वंद्वी रही पेनी मॉर्डट को हाउस ऑफ कॉमन्स के नेता के रूप में फिर से नियुक्त किया है। वह प्रिवी काउंसिल की पीठासीन अधिकारी की भूमिका का भी निर्वहन करेंगी। लिज ट्रस सरकार में विदेश व राष्ट्रमंडलीय मामले संभालती रहीं गिलियन कीगन को सुनक सरकार में शिक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। कीगन सितंबर 2021 से सितंबर 2022 तक स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल विभाग की मंत्री भी रह चुकी हैं।

सुनक के नए मंत्रिमंडल में शामिल हुए अन्य सदस्यों में ग्रांट शाप्स को व्यापार मंत्री, मेल स्ट्राइड को कार्य और पेंशन मंत्री, थेरेसी कॉफी को पर्यावरण मंत्री, स्टीव बार्कले को स्वास्थ्य मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है। माइकल गोव को आवास और समुदाय मंत्री, केमी बैडेनोच को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री व महिला और समानता मंत्री और मिशेल डोनेलन को स्कृति मंत्री बनाया गया है।

प्रधानमंत्री सुनक ने जेरेमी हंट को चांसलर नियुक्त किया है। डोमिनिक राब उप प्रधानमंत्री और न्याय या कानून मंत्री की भूमिका में रहेंगे। जेम्स क्लीवर्ली और बेन वालेस विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री बने रहेंगे। साइमन हार्ट नए मुख्य सचेतक बनाए गए हैं, वहीं नादिम जाहावी पार्टी अध्यक्ष के मंत्री के रूप में बिना विभाग के मंत्री रहेंगे। मिशेल डोनेलन के पास संस्कृति, मीडिया और खेल मंत्री की जिम्मेदारी बनी रहेगी, वहीं क्रिस हेटन-हैरिस उत्तरी आयरलैंड के राज्य मंत्री बने रहेंगे।

## 10 डाउनिंग स्ट्रीट में हिंदुत्व की पताका

**ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की छवि में भारतीयता की झलक, हाथ में नजर आया पवित्र लाल कलावा**

**लंदन।** ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और भारतीय मूल के हिंदू प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सत्ता संभालते ही अपने आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में प्रवेश किया।। उन्होंने दुनिया को दिखा दिया कि उनकी धार्मिक जड़ें भारत से जुड़ी हुई हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उनके पहले संबोधन में उनके हाथ में पवित्र लाल हिंदू कलावा धागा देख हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा हो गया।

42 वर्षीय ऋषि सुनक ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री के साथ-साथ सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री भी बन गए है। वह किंग चार्ल्स तृतीय से मिले और शपथ ली। सुनक ने अपने भाषण में कहा कि उनकी सरकार हर स्तर पर सत्यनिष्ठ, व्यावसायिकता और जवाबदेही होगी। ऋषि सुनक ने



हमेशा भारतीय होने की पहचान पेश की है। 2017 के आम चुनाव के बाद सुनक ने भगवद गीता पर हाथ रखकर शपथ ली थी। उन्होंने कहा था -मैं अब ब्रिटेन का नागरिक हूं। लेकिन मेरा धर्म हिंदू है। मेरी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत भारतीय है। मैं गर्व से कहता हूं कि मैं हिंदू हूं और मेरी पहचान भी हिंदू है।

इस साल अगस्त में ऋषि सुनक ने जन्माष्टमी पर अपनी पत्नी अक्षता के साथ एक मंदिर का दौरा किया था। ऋषि सुनक ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें भी पोस्ट की थीं। इस वक्त ब्रिटेन के लगभग सभी प्रमुख समाचार पत्रों ने सुनक की खबर को प्रमुखता से छापा है।

द गार्जियन ने बैनर शीर्षक के साथ खबर दी है और लंदन में कंजर्वेटिव पार्टी के मुख्यालय में सुनक के जोरदार स्वागत का फोटो लगाया है।

डेली मेल ने ब्रिटेन के लिए नया सवेरा शीर्षक से खबर दी है। द सन ने लिखा है-'पूरी ताकत ऋषि आपके साथ है।' इससे इतर द मिरर और स्काटलैंड के दैनिक अखबार डेली रिकार्ड ने आलोचनात्मक टिप्पणी की है।

## ब्रिटेन के नवनियुक्त प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से की वार्ता

**लंदन।** ब्रिटेन के नवनियुक्त प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से वार्ता की है। इस दौरान उन्होंने ब्रिटेन की एकजुटता और यूक्रेन के लोगों के लिए समर्थन व्यक्त किया। सुनक ने ट्वीट किया- उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से बातचीत की है। इस दौरान उन्होंने युद्ध के संघर्ष के बीच यूक्रेन के प्रति समर्थन का भाव व्यक्त किया है।

इससे पहले, सुनक की प्रधानमंत्री के तौर पर नियुक्ति के बाद रूस और ब्रिटेन के बीच अच्छे संबंधों की संभावनाओं के जवाब में क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा-वर्तमान में, हम कुछ सकारात्मक बदलावों के लिए कोई पूर्व शर्तो, आधार या उम्मीद को नहीं देख रहे हैं। इससे पहले, ऋषि सुनक ने यूक्रेन के



स्वतंत्रता दिवस पर एक पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने रूस के हमले के खिलाफ देश के दृढ़ साहस की प्रशंसा की और युद्ध जारी रहने पर ब्रिटेन के लोगों से समर्थन का वादा भी किया था।

## सीरिया में गंभीर आर्थिक संकट, संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** साल 2011 में युद्ध शुरू होने के बाद से सीरिया सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने चिंता जताते कहा है कि देश भर में हैजा का प्रकोप है। अभी तक 24,000 से अधिक संदिग्ध मरीजों की पुष्टि हुई है और कम से कम 80 लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि रणनीतिक गतिरोध के बावजूद देशभर में संघर्ष तेजी से बढ़ा है। इसने सरकार और विपक्ष के बीच एक राजनीतिक प्रक्रिया शुरू करने के प्रयासों को अवरुद्ध किया है। उन्होंने हाल ही में हुई कुछ घटनाओं की ओर इशारा किया। जिसमें उत्तर-पश्चिम में सरकार समर्थक हवाई हमले, उत्तर-पूर्व में हिंसा, दक्षिण-पश्चिम में सुरक्षा घटनाओं में वृद्धि, दमिश्क और अलेप्पो में हवाई अड्डे पर इजरायल द्वारा किए गए हवाई हमले शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत पेडरसन ने कहा सीरियाई मुद्रा में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है। इस कारण खाद्य और ईंधन की कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि देश के लिए आर्थिक संकट परेशानी खड़ी कर सकता है। उन्होंने कहा कि सर्दी आ रही है और ऐसे में सीरिया को अतिरिक्त धन की तत्काल आवश्यकता होगी। संयुक्त राष्ट्र



मानवीय कार्यालय के संचालन की निदेशक रीना घेलानी ने परिषद को बताया कि सीरिया में लोगों को सार्वजनिक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि देश में हैजा के प्रकोप की वजह पानी की गंभीर कमी है। कई जगहों पर गंभीर सूखे जैसी स्थिति और यूफ्रेट्स नदी का जलस्तर कम हो गया है। घेलानी ने कहा है कि ये संकट और भी खराब होने की संभावना है

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा हैजा के प्रकोप को खत्म करने के लिए 34.4 मिलियन डॉलर की आवश्यकता है। इससे तीन महीने के दौरान सीरिया के करीब पांच मिलियन लोगों को पानी और स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो सके। सीरिया में संकट को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र लगभग 10 मिलियन डॉलर उपलब्ध कराएगा।

घेलानी ने कहा कि पानी की कमी ने गेहूं की फसल के साथ-साथ किसानों की आजीविका को भी प्रभावित किया है।

## अमेरिका ने दी चेतावनी- उत्तर कोरिया के खिलाफ देशों को देगा पूर्ण सैन्य रक्षा सहयोग

**टोक्यो:** अमेरिका की उप विदेश मंत्री वेंडी शरमन ने मंगलवार को उत्तर कोरिया के बढ़ते उकसावे पर चेतावनी देते हुए कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों जापान और दक्षिण कोरिया की रक्षा के लिए ''परमाणु, पारंपरिक और मिसाइल रक्षा सहित'' अपनी सैन्य क्षमताओं का पूरा उपयोग करेगा। शरमन ने कहा कि हाल के सप्ताह में उत्तर कोरिया ने बार-बार बैलिस्टिक मिसाइल दागकर और गोलाबारी कर उकसावे वाली सैन्य कार्रवाई की है।उत्तर कोरिया ने इसे सामरिक परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के लिए अभ्यास बताया है। दक्षिण कोरिया के प्रथम उप विदेश मंत्री चो ह्युंडोंग के साथ तोक्यो में बातचीत में शरमन ने कहा, ''यह बेहद गैर-जिम्मेदार, खतरनाक और अस्थिर करने वाला है।' बुधवार को अपने जापानी समकक्ष के साथ त्रिपक्षीय बैठक से पहले दोनों अधिकारियों ने मुलाकात की। शरमन ने कहा कि उत्तर कोरिया को यह समझने की जरूरत है कि दक्षिण कोरिया और जापान की सुरक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता ''लचीली'' है और हम परमाणु, पारंपरिक और मिसाइल रक्षा



क्षमताओं सहित अपने सहयोगियों की रक्षा के लिए अमेरिकी रक्षा क्षमताओं का भरपूर इस्तेमाल करेंगे।' चो ने शरमन से मुलाकात के दौरान चिंता जताई थी कि सितंबर में उत्तर कोरिया ने जो नयी हथियार नीति अपनाई है उससे उसके परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आशंका बढ़ी है।

> **दक्षिण कोरिया के प्रथम उप विदेश मंत्री चो ह्युंडोंग के साथ तोक्यो में बातचीत में शरमन ने कहा, ''यह बेहद गैर-जिम्मेदार, खतरनाक और अस्थिर करने वाला है।' बुधवार को अपने जापानी समकक्ष के साथ त्रिपक्षीय बैठक से पहले दोनों अधिकारियों ने मुलाकात की।**